दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 37
कोटद्वार शनिवार
27 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## चिन्यालीसौड़ में आदमखोर गुलदार पिंजरे में कैद

**उत्तरकाशी।** चिन्यालीसौड़ विकासखंड के ग्राम बड़ी मणी में घास काटने के दौरान सुनीता को निवाला बनाने वाला गुलदार 14 दिन के भीतर वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। रात में वह मृत कुत्ते को खाने के लालच में आकर लगाए गए पिंजरे में बंद हुआ। वन विभाग हरिद्वार ले जाकर गुलदार की प्रवृति का आकलन कर नेशनल पार्क में छोड़ेगा। मणी गांव के जंगल में बीते 13 मई को गुलदार ने शाम के वक्त 32 वर्षीय सुनीता देवी पर हमला बोल उसे मौत के घाट उतार दिया था। सुबह वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पदचिह्लों के आधार पर गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट और बड़ी मणी व कुराड़ा के जंगलों में पिंजरा लगाया गया था, जिसमें मृत कुत्ता रखा गया। धरासू रेंज अधिकारी नागेंद्र रावत ने बताया कि गुरुवार को रात गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और गुलदार को कब्जे में लिया।

## थत्यूड़ में वाहन खाई में गिरा, एक व्यक्ति मौत

**नई टिहरी।** भवान उत्तरकाशी सड़क मार्ग पर मोरियाणा टॉप के पास एक पिकअप वाहन अनियत्रिंत होकर दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चालक मौके पर फरार हो गया। थत्यूड़ थाना के उप निरीक्षक राहुल थापा ने बताया कि गुरुवार देर रात्रि भवान उत्तरकाशी सड़क मार्ग पर एक पिकअप वाहन के मोरियाणा टॉप के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से वाहन में सवार बुद्धिलाल (38) निवासी ग्राम नौघर थत्यूड़ घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मद्द से घायल बुद्धिलाल को खाई निकालकर सीएचसी थत्यूड़ पहुंचाया, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

## 28 को दिल्ली की सीमाएं होंगी सील

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायतों की ओर से 28 मई को नए संसद भवन के सामने महिला पंचायत के आह्वान के बाद दिल्ली पुलिस ने किसी भी विरोध प्रदर्शन या सभा को रोकने के लिए दिल्ली की सभी सीमाओं को सील करने का फैसला किया है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे।

दिल्ली पुलिस के अनुसार महिला पंचायत के लिए अभी तक कोई अनुमति नहीं दी गई है। प्रदर्शनकारियों को 28 मई को खाप पंचायत आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी उसी दिन नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसके लिए दिल्ली पुलिस ने खास तैयारियां शुरू कर दी हैं। 28 मई को जंतर-मंतर के आसपास के सभी रास्ते जो संसद की ओर जाते हैं, बंद कर दिए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार 28 मई को सभी संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा।

# टिहरी में दर्दनाक हादसा, खाई में गिरी कार, चार महिलाओं समेत पांच की मौत

**घनसाली (टिहरी)।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में शुक्रवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। भिलंगना ब्लाक के सेंदुल-किरेथ-पटुड मोटर मार्ग पर कोठियाडा के पास एक कार सड़क से नीचे गहरी खाई में गिर गई। कार में होल्टा निवासी चार महिला व एक पुरुष सवार थे। हादसे में पांचों की मौत हो गई।

राहगीरों ने आनन फानन हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने 108 मौके के लिए रवाना की और रेस्क्यू शुरू कराया।




बाजपुर में सुल्तानपुर पट्टी के पास हाईवे स्थित पिपलिया मोड़ पर खनन से भरे डंपर ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार प्रेम सिंह (55) की मौत हो गई।जबकि मृतक का बेटा घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, मृतक अपने बेटे पंकज के साथ बाइक से केबीआर अस्पताल से दवाई लेकर घर वापस लौट रहा था। तभी एक सामने से आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

## इसी साल दिसंबर में गर्भगृह में विराजेंगे रामलला: चंपत राय



**हरिद्वार।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि दिसंबर माह में अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर दी जाएगी। बताया कि मूर्ति श्रीराम के बाल स्वरूप की होगी। उन्होंने कहा कि मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अभी तिथि निर्धारित नहीं की गई है। कहा कि श्रीराम मंदिर के निर्माण में पत्थरों को जोड़ने के लिए सीमेंट और रेत का नहीं बल्कि तांबे की पत्तियों का प्रयोग किया जा रहा है।

चंपत राय ने शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में प्रतिभाग किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण सभी के लिए बहुत उत्साहवर्धक है।

मंदिर में श्रीराम की मूर्ति की प्रतिष्ठा के लिए अभी तिथि का निर्धारण नहीं किया गया है। लेकिन आम चुनावों को लेकर आचार सहिंता लागू होने से पहले मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भगृह में पांच वर्षीय बालक के स्वरूप में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

मंदिर के स्वरूप के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि भवन की सीढ़ियों पर चढ़ना प्रारंभ करेंगे तो दूसरे छोर तक पूरब से पश्चिम की ओर 380 फीट लंबाई है। बताया कि दक्षिण से उत्तर की ओर भवन 250 फीट चौड़ा है। मंदिर भूमि से 161 फीट ऊंचा है।

मंदिर का फर्श ग्रेनाइड से बन रहा है, जिसकी ऊंचाई 16.5 फीट है। मंदिर का भवन 392 खंबों पर खड़ा है। चंपत राय ने बताया कि मंदिर में कहीं भी लोहे का प्रयोग नहीं हुआ है।

बताया कि दिसंबर 2023 में मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंदिर के ऊपर के दूसरी और तीसरी मंजिल का निर्माण कार्य जारी रहेगा।

## गारमेंटस की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान हुआ राख

**श्रीनगर गढ़वाल :** श्रीनगर में पीपलचौरी के पास वीर चंद्र सिंह गढ़वाल मार्ग पर एक कनफेक्शनरी और कपड़े की दुकान में आग से लाखों का सामान स्वाहा हो गया। गनीमत यह रही कि आग आस-पास की दुकानों तक नहीं फैली। इस मामले में दुकान स्वामिनी ने अज्ञात व्यक्ति पर दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। सीसीटीवी फुटेज में आग लगाने वाले व्यक्ति द्वारा किए जा रहे कारनामा भी दिखाई दे रहा हैं। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

दुकान स्वामिनी कामनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार सुबह साढ़े तीन बजे के आस-पास उनकी दुकान पर आग लगा दी गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक अज्ञात व्यक्ति जिसने हेलमेट पहन रखा है उसी समय दुकान के आगे देखा गया है।

इस दौरान वह दुकान के बाहर आग जलाते हुए भी दिख रहा है। साथ ही उनकी दुकान का शीशा व सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ा गया है। शीशा तोड़ कर ही उसके द्वारा दुकान के अंदर आग लगाई गई। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें 6 लाख से अधिक का नुकसान हो गया है। उन्होंने पुलिस से तत्काल अज्ञात व्यक्ति को पकड़ कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले की विवेचना कर रहे एसआई रणवीर सिंह रमोला ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। कहा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जल्द ही अज्ञात व्यक्ति पुलिस की गिरफ्त में आएगा। (एजेंसी)

## नए संसद भवन के उदघाटन कार्यक्रम को यादगार बनाएगा ये अनोखा सिक्का

**नई दिल्ली , एजेंसी।** रविवार, 28 मई को संसद के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में 75 रुपये का नया सिक्का भी जारी किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के इस नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को यादगार और स्मरणीय बनाने के लिए 75 रुपये का नया सिक्का जारी करेंगे। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, 75 रुपये के इस नए सिक्के का आकार 44 मिलीमीटर वृत्ताकार होगा। इसका मानक वजन 35 ग्राम होगा। सिक्के के अग्र भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, इसके नीचे 'सत्यमेव जयतेइ लिखा होगा। उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में ' भारतइ शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में ' इंडियाइ शब्द लिखा होगा।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला

## राशन की दुकानों पर मिलेगा दूध—घी, ब्यूटी प्रोडक्ट और रोजमर्रा का हर सामान

**लखनऊ , एजेंसी।** राज्य सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित दर की दुकानों के दुकानदारों की आय बढ़ाने के लिए अतिरिक्त वस्तुओं की बिक्री की अनुमति प्रदान की है, जिसमें बेकरी उत्पाद, घरेलू सामान, सौंदर्य और बेबी केयर उत्पाद शामिल हैं। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। खाद्य एवं रसद आयुक्त को इस बाबत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि इन वस्तुओं का निर्माण एफएसएसएआई के मानकों के मुताबिक हुआ हो। ये वस्तुएं केवल उन उचित दर की दुकानों पर बेची जाएंगी, जो ऐसे मुख्य मार्ग पर स्थापित हों, जहां भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सकता है।




इसके लिए खाद्य आयुक्त के स्तर पर एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें एक सदस्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का होगा। यह समिति अनुमन्य वस्तुओं की समय-समय पर समीक्षा करते हुए इनकी संख्या में वृद्धि अथवा कमी कर सकने के लिए अधिकृत होगी।

आदेश के मुताबिक उचित दर की दुकानों में गेहूं, चावल, दाल, आटा, चीनी, खाद्य तेल, मिट्टी का तेल, मोटा अनाज, नमक के अतिरिक्त जनोपयोगी रोजमर्री की वस्तुएं और स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी वस्तुएं जैसे साबुन, शैम्पू, चाय, पेन, कॉपी, ओआरएस टैबलेट एवं घोल, निरोध, सैनेटरी नैपकीन आदि के विक्रय करने की अनुमति वर्ष 2019 में प्रदान की गई थी। इसी शासनादेश के तहत अब कुछ और वस्तुओं को भी इसमें शामिल किया गया है। इन वस्तुओं में दूध एवं दूध से बने पैक्ड उत्पाद, बिस्किट, ब्रेड, गुड़, घी, नमकीन, सूखे मेवे, मिठाई, मसाले, दूध पाउडर, बच्चों के कपड़े (होजरी), राजमा, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, सोयाबीन, क्रीम, धूपबत्ती, कंघी, दर्पण, झाड़ू, पोछा, ताला, छाता, रेनकोट, वॉल हैंगर, टूथब्रश, डिटर्जेंट पाउडर, मच्छररोधी अगरबत्ती, बर्तन धोने वाले बार, विद्युत का सामान, टार्च, दीवार घड़ी, माचिस, नायलॉन एवं जूट रस्सी, प्लास्टिक पानी पाइप, प्लास्टिक बाल्टी, मग, छलनी, हैंडवॉश, बाथरूम क्लीनर, शेविंग किट, बेबी केयर उत्पाद (डायपर, साबुन, तेल, वाइप्स, बॉडी लोशन) आदि को शामिल किया गया है।

## हाईकोर्ट ने शादी की उम्र पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से मांगा जवाब

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने मुस्लिम लॉ में 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की शादी की अनुमति होने के मामले में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किया है।

अदालत ने लॉ बोर्ड को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। अगली सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तिथि नियत की गई है।



यूथ बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें कहा गया कि कुछ न्यायालय 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करने के बावजूद नवविवाहित जोड़े को मान्यता देते हुए उन्हें पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दे रही हैं। क्योंकि मुस्लिम पर्सनल लॉ इसकी अनुमति देता है। याचिका में कहा गया है कि 18 साल से कम उम्र में शादी होने, नाबालिग से संबंध बनाने और कम उम्र में बच्चे पैदा करने से लड़की और नवजात का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इसके अलावा एक तरफ सरकार पॉक्सो जैसे कानून लाती है।

दूसरी तरफ 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की को शादी की अनुमति देना इस अधिनियम का उल्लंघन है। याचिका में 18 साल से कम उम्र की लड़की की शादी को अमान्य घोषित करने, शादी के बाद भी शारीरिक संबंध बनाने को दुराचार की श्रेणी में रखकर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो के तहत कार्यवाही करने की मांग की गई है। याचिका में लड़कियों की शादी की उम्र 18 से बढ़कर 21वर्ष किए जाने वाले विधेयक के पास होने तक कोर्ट से कम उम्र में किसी भी जाति, धर्म में हो रही शादियों को गैरकानूनी घोषित करने का आग्रह किया गया है।

## इस साल सामान्य रहेगा मानसून, कृषि पर नहीं पड़ेगा ज्यादा असर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मौसम विभाग ने इस साल मानसून सामान्य रहने की संभावना जताई है। चार जून को मानसून केरल में दस्तक दे देगा। पिछले चार सालों से मानसून सामान्य ही है। डॉ. डीएस पई ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अरब सागर में अगले सप्ताह किसी तूफान की संभावना नहीं है। अगर देश में सभी जगह बारिश सही हुई तो काफी अच्छा रहेगा। खेती पर बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। पई ने कहा कि लॉन्ग पीरियड ऐवरेज में 96प्रतिशत से 104प्रतिशत बारिश की उम्मीद है। अभी के लिहाज से देखा जाए तो उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से कम बारिश की उम्मीद है। इस दौरान रुक्क 92त्न रहने के आसार हैं।मौसम विभाग ने बताया कि जून से सितंबर तक चलने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान जून में सामान्य से कम वर्षा का अनुमान है।

## पहले शराब पी फिर पीएम मोदी को दी जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को पीसीआर कॉल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। फोन करने वाले की पहचान करोल बाग के रैगर पुरा निवासी हेमंत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) प्रणव तायल ने कहा, बीती रात पीसीआर कॉल मिलने के बाद, एक पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। कुमार को पुलिस स्टेशन लाया गया और एक संयुक्त पूछताछ की गई। अधिकारी ने कहा, वह पिछले छह साल से बेरोजगार है और उसे शराब पीने की आदत है।

कुमार ने जब पीसीआर कॉल की तो वह नशे में था। बता दें कि इससे पहले अप्रैल महीने में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली थी। किसी अज्ञात शख्स द्वारा 112 नंबर पर मैसेज कर ये धमकी दी गई थी। इसके बाद पुलिस महकमें में मचे हड़कंप के बाद एजेंसियां अलर्ट हो गईं।

### सीएम धामी ने किया कनखल, हरिद्वार में विहिप द्वारा आयोजित केन्द्रीय मार्ग दर्शक मण्डल की बैठक में प्रतिभाग

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में धर्म एवं संस्कृति का लगातार उत्थान हो रहा: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कनखल, हरिद्वार में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित केन्द्रीय मार्ग दर्शक मण्डल की बैठक में प्रतिभाग किया तथा आज के सत्र का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में धर्म एवं संस्कृति का लगातार उत्थाान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम का भव्य मन्दिर बनाने का कई वर्षों का सपना अब साकार होने जा रहा है। वहां श्रीराम का भव्य व दिव्य मन्दिर तैयार हो रहा है।

उज्जैन में महाकालेश्वर ने दिव्य व भव्य स्वरूप प्राप्त कर लिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद वहां का पूरा स्वरूप ही परिवर्तित हो गया है। वहां पर अब पांच लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा से पवित्र जल लेकर वहां आसानी से जलाभिषेक कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आने वाले समय में रोपवे बन जाने से केदारनाथ तथा हेमकुण्ड धाम की यात्रा और भी आसान होने वाली है। चारधाम यात्रा की भांति कुमाऊं में मानसखंड मन्दिर माला मिशन के तहत कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता के लिए बनाई गई समिति ने 90 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूरा कर लिया है, जो आगामी 30 जून तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जबरन धर्मान्तरण की रोकथाम के लिये सख्त कानून बनाया गया है।



बैठक में परम पूज्य महामण्डलेश्वर युग पुरूष स्वामी परमानन्द गिरिजी महाराज, परम पूज्य शंकराचार्य वासुदेवानन्द सरस्वती जी, राम राजेश्वरा जी महाराज, महामण्डलेश्वर विश्वेश्वरानन्द जी महाराज, महामण्डलेश्वर यतीन्द्रानन्द गिरि जी, स्वामी विवेकानन्द जी महाराज, सचिव महानिर्वाणी अखाड़ा रवीन्द्र पुरी, स्वामी गिरधर गिरि जी महाराज आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के कोने-कोने से आये हुये धर्माचार्यों, सन्त-महात्माओं का एक-एक करके माल्यार्पण करते हुये उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर दिनेश जी, राजेन्द्र पंकज, अशोक तिवारी, चम्पत राय, मिलिन्द पराडे, नितिन गौतम, पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, पूर्व विधायक लक्सर संजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी0एल0 शाह, सिटी मजिस्ट्रेट सु नूपुर वर्मा, एमएनए दयानन्द सरस्वती, एसडीएम पूरण सिंह राणा, एस0पी0 सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में सन्त-महात्मा, कार्यकर्ता सहित श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई 38वे राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु विस्तृत समीक्षा बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में 38वे राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु विस्तृत समीक्षा बैठक मुख्य सचिव सभागार में आहूत की गई। बैठक में विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार द्वारा राज्य में चल रही तैयारियों के सन्दर्भ में अवगत कराया गया तथा राष्ट्रीय खेलों के सन्दर्भ में विस्तृत प्रस्तुतीकरण श्री जितेन्द्र कुमार सोनकर निदेशक खेल द्वारा दिया गया। प्रस्तुतीकरण में विगत 04 राष्ट्रीय खेलों के तुलनात्मक विवरण के साथ राज्य में चल रही राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के सम्बन्ध में अवस्थापना विकास, आवासीय, परिवहन, चिकित्सा, सुरक्षा, स्वयंसेवक आदि पर विस्तार से वर्णित किया गया तथा खेलों के आयोजन को भव्य बनाने हेतु रोड मैप प्रस्तुत किया गया।क्डअ की संयुक्त सचिव श्रीमती अलकनंदा अशोक द्वारा क्डअ के साथ तिथियों के निर्धारण करने की प्रक्रिया करने संबंधी सुझाव दिया गया। वडअ महासचिव डी0के0 सिंह द्वारा उद्घाटन समारोह एवं समापन समारोह को अलग अलग स्थलों पर आयोजित किये जाने का सुझाव दिया गया। मुख्य सचिव द्वारा लौजिस्टिक आदि को इस हेतु संज्ञान में लेते हुए संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने खेलो के आयोजन में पर्यटन विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए पर्यटन सचिव को निर्देशित किया कि उत्तराखण्ड में पर्यटन एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है अतः राष्ट्रीय खेलों के आयोजन में खेल पर्यटन एवं प्रकृति पर्यटन को बढ़ाये जाने हेतु पर्यटन विभाग अपने स्तर से कार्यवाही करें। राज्य में सम्पूर्ण देश के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगें एवं वे उत्तराखण्ड की स्मृतियों को वापस अपने साथ लेकर जाएंगें अतः यह आवश्यक है कि उत्तराखण्ड की संस्कृति के प्रदर्शन के साथ–साथ आयोजन स्थलों को भी अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के साथ विकसित किया जाए तथा सचिव लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि समस्त आयोजन स्थलों को जोड़ने वाले रोड नेटवर्क को भी परिष्कृत किया जाए। चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं को चिकित्सा विभाग के साथ बैठ कर अन्तिम रूप दे दिया जाए तथा एन्टी डोपिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा– निर्देश चिकित्सा विभाग एवं नाडा के साथ तैयार कर व्यापक रूप से प्रसारित किया जाए ताकि खिलाड़ियों को जानकारी रह सके कि उन्हें किन पदार्थों को ग्रहण करना चाहिए और किनको नहीं।

# उत्तरकाशी में अप्रशिक्षित पीआरडी जवानों को हटाने की मांग



उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले में अप्रशिक्षित पीआरडी जवानों की नियुक्ति के खिलाफ प्रशिक्षित जवानों में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। प्रशिक्षितों ने विभाग पर भ्रष्टाचार और चहेतों को नौकरी देने का आरोप लगाते हुए कलक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र उचित कार्यवाही की मांग रखी। साथ ही अप्रशिक्षितों को ना हटाए जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी। शुक्रवार को प्रशिक्षित पीआरडी जवान संगठन के अध्यक्ष सुबोध रतूड़ी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे। कलक्ट्रेट में डीएम अभिषेक रूहेला को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशिक्षित जवानों ने युवा कल्याण विभाग पर मनमानी और उपेक्षा का आरोप लगाया।

रतूड़ी ने लिखित पत्र के माध्यम से बताया कि पीआरडी जवान उत्तराखंड पुलिस के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर प्रदेश में ईमानदारी के साथ ड्यूटी निभा रहे हैं, इसके बावजूद प्रशिक्षित जवानों को हटाया जा रहा है। यहां तक कोविड काल में अपनी सेवाएं देने वाले पीआरडी जवानों को बाहर का रास्ता दिखाया गया।

## एक नजर

### आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को मासिक स्वच्छता की दी जानकारी

विकासनगर। बाल विकास विभाग की ओर मासिक स्वच्छता दिवस को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गयी, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया गया। ब्लॉक सभागार कालसी में आयोजित कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 28 मई को स्वच्छता दिवस को लेकर बाल विकास विभाग और शिवाख्य फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में 90 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी देने के साथ प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेष्ठ उप प्रमुख भीम सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर जेष्ठ उप प्रमुख ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम भारत सरकार की ओर से चलाये जा रहे हैं। कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों की सफलता के लिए समाज को जानकारी होनी आवश्यक है। जिसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास विभाग और फाउंडेशन की ओर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को माहवारी स्वच्छता, रजोनिवृत्ति, प्रजनन स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण एवं ध्यान आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर कनिष्ठ उप प्रमुख रितेश असवाल, उपजिलाधिकारी वरुणा अग्रवाल, बीडीओ कालसी उर्मिला बिष्ट, शिवाख्य फाउंडेशन की डायरेक्टर श्वेता, ऑपरेशनल मैनेजर नीलू , डॉ. नमिता , डॉ. अनिला, हिताक्षी, सुपरवाइजर शारदा, अल्पना, बीना, फूल आदि मौजूद रहे।

### ग्रीष्मावकाश से पहले धूमधाम से मनाया गया प्रतिभा दिवस

विकासनगर। ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिभा दिवस मनाया गया। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही बौद्धिक, शारीरिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शनिवार से हो रहे ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते नौनिहालों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभा दिवस के तहत प्राथमिक विद्यालय विकासनगर में सांस्कृतिक और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। बीईओ वीपी सिंह ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले विद्यालयों में शिक्षणेत्तर गतिविधियां कराए जाने से नौनिहाल इन गतिविधियों अवकाश के दौरान घर में दोहराएंगे, जिससे उन्हें खेल खेल में सीखने का मौका मिलेगा। प्राथमिक विद्यालय शीशमबाड़ा में निबंध, कविता, अंताक्षरी, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ ही खेलकूद कराए गए। प्राथमिक विद्यालय डोभरी में मेंढ़क दौड़, जलेबी दौड़, रस्साकसी के साथ ही भाषण और कविता पाठ कराया गया। प्रावि ढकरानी कालोनी, प्रावि उदियाबाग, प्रावि जमनीपुर, प्रतीतपुर, जीवनगढ़, भीमावाल समेत अन्य सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई।

# उक्रांद का शासन पर यूपी, बिहार वाले इंजीनियरों को बचाने का आरोप

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने जल निगम में महिला, एससी आरक्षित श्रेणी में भर्ती हुए यूपी, बिहार के लोगों को बचाने का आरोप शासन पर लगाया है। खासतौर पर महिला कोटे में भर्ती वालों पर नरम रुख अपनाने पर सवाल उठाए। सीएम से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। उक्रांद के पूर्व महामंत्री जयदीप भट्ट ने सीएम को भेजे पत्र में कहा कि 2005 में जो विज्ञप्ति जारी की गई थी, उसमें साफ था कि आरक्षण का लाभ सिर्फ उत्तराखंड के रहने वालों को ही मिलेगा। इसके बाद भी ये कहना कि 2005 में महिला आरक्षित पदों का लाभ सिर्फ उत्तराखंड की महिलाओं को ही देने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था, हास्यास्पद है। पूरे देश में व्यवस्था है कि आरक्षित पदों का लाभ सिर्फ राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को ही मिलता है। कहा कि अपर सचिव पेयजल ने बाहरी प्रदेशों के लोगों की जल निगम में हुई भर्ती पर कार्रवाई को लेकर जो पत्र एमडी जल निगम को लिखा है, उसमें कार्रवाई से अधिक बचाने का प्रयास किया गया है। अपने ही आदेश में लिखा गया है कि इस प्रकरण के कोर्ट में जाने पर फैसला बाहरी लोगों के पक्ष में आ सकता है। इससे साफ हो गया है कि शासन से लेकर जल निगम मैनेजमेंट का पूरा फोकस कार्रवाई से अधिक यूपी, बिहार, दिल्ली के अवैध रूप से भर्ती हुए लोगों को बचाने पर है।

### मां–बेटों ने बुजुर्ग को पीटा

ऋषिकेश। भट्टोवाला में कुत्ते के घर के बाहर गंदगी फैलाने पर विवाद हो गया। इस दौरान महिला और उसके दो बेटों ने बुजुर्ग की जमकर पिटाई कर दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह से झगड़ा शांत कराया, जिसके बाद घायल बुजुर्ग शिकायत लेकर पुलिस चौकी पहुंचा। नामजद शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। श्यामपुर पुलिस चौकी के मुताबिक सुरेंद्र सिंह पुत्र दयाल सिंह, निवासी गली नंबर 14, मनसरोवर कॉलोनी, भट्टोवाला की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। सुरेंद्र सिंह ने शिकायत में बताया कि पड़ोस में रहने वाले विनोद, ऋतिक और उनकी मांग कुत्ते को टहला रहे थे।

# भूमि और दस्तावेजों की जांच के बाद ही अतिक्रमण ध्वस्त करने के निर्देश



विकासनगर। हरबर्टपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई पर शुक्रवार को विधायक मुन्ना चौहान ने ब्रेक लगा दिया। विधायक ने भूमि और दस्तावेजों की जांच के बाद ही अतिक्रमण ध्वस्त करने के निर्देश दिए हैं। विधायक का कहना है कि कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि अतिक्रमण के नाम पर उनकी पुश्तैनी जमीन पर बने आवास को तोड़ने का नोटिस दिया गया है। बताया कि हरबर्टपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर पालिका प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई थी। स्थानीय बाशिंदों का कहना है कि जिस जगह पर वो रह रहे हैं उस जगह पर उनका भूमिधरी अधिकार है। जमीन से संबंधित खाता खतौनी और अन्य दस्तावेज मौजूद हैं। इसके साथ ही कुछ लोगों के पास इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास, निर्बल आवास योजना के तहत आवास आवंटित किए गए हैं। स्थानीय बाशिंदों के दावों की जांच करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर कोई ऐसा आवास ध्वस्त नहीं होना चाहिए, जो अतिक्रमण की जद में नहीं आता हो। कहा कि गरीब को नुकसान से बचाने के लिए दस्तावेजों की जांच और स्थलीय जांच कराई जानी जरूरी है। जांच में जो भी आवास अतिक्रमण की जद में आएगा, उसे ध्वस्त किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, अधिशासी अधिकारी भगवान सिंह बिष्ट, बीडीओ आतिया परवेज, नीरू देवी, संतोष रावत, चौ. दिलीप सिंह, अरूण कुमार, सभासद अखिल गोयल, मेघश्याम शर्मा, सुबीर दास आदि मौजूद रहे।

# महाजनसंपर्क अभियान को कार्यकर्ता सफल बनायें: विधायक पुंडीर





विकासनगर। सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के चार मंडलों की कार्य समिति की बैठक में भाजपा ने आगामी निकाय व लोकसभा चुनावों के मद्देनजर केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर तीस मई से तीस जून तक चलने वाले महाजनसंपर्क अभियान को कार्यकर्ता आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया है। सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को सफलता पूर्वक लागू किया है। कहा कि आगामी चुनावों भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। नगर निगम क्षेत्र बडोवाला में स्थित शौर्य फार्म हाउस में विधानसभा सहसपुर के चारों भाजपा मंडलों की संयुक्त रूप से कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार मौजूद रहें। विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुंडीर ने आगामी कार्यक्रम के तहत लोकसभा, विधानसभा और मंडल स्तर पर होने वाले अनेकों कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया। इस मौके पर भाजपा देहरादून ग्रामीण जिलाध्यक्ष मीता सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, जिला मंत्री नवीन रावत, दयानंद जोशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमवीर सिंह राघव, मंजू नेगी, जिला महामंत्री विनोद कश्यप, अमित डबराल, जिला उपाध्यक्ष नीरज चौहान, प्रवीण पंवार, सहसपुर मण्डल अध्यक्ष प्रमोद सिंह, सुद्धोवाला मंडल अध्यक्ष पिंकी देवी, शिवालिक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश उनियाल , शिवालिक नगर मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत समेत चारों मंडलों व मोर्चों के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण मौजूद रहे।+

# कांग्रेस सेवा दल ने किया प्रदर्शन

विकासनगर। शक्ति नहर में क्लोजर के बाद किये जा रहे मरम्मत कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। बाद में सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित के नेतृत्व में तहसील प्रशासन विकासनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

कार्यकर्ताओं ने सीएम से मामले की जांच कराने की मांग की। साथ ही जांच नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने ग्यारह बजे तहसील परिसर में एकत्र हुए। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में कहा कि शक्ति नहर में यूजेवीएनएल ने 25 अप्रैल को एक माह का क्लोजर देकर डाकपत्थर बैराज से लेकर कुल्हाल पावर हाउस तक शक्ति नहर में मरम्मत कार्य शुरू कराये, जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। मरम्मत कार्य मानक के अनुरूप नहीं किए जा रहे हैं। क्लोजर के 30 दिन बीत जाने के बाद भी नहर में पानी मौजूद है। अधिकतर स्थान पर नया बेड नहीं डाला गया है।

जबकि पुराना बेड जर्जर हालत में है और उसमें गाद और मलबा भरा हुआ है। बिना कच्ची रोड़ी बिछाए मिट्टी और आरबीएम पर मिट्टी युक्त पानी में ही सीमेंट युक्त कंक्रीट डाल दिया गया है और उसकी तराई भी मिट्टी युक्त पानी से ही की गई है। साइड वॉल की स्थिति बहुत खराब है। जिनकी मरम्मत नहीं की गयी है।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग, जिला अध्यक्ष विजय कुमार एडवोकेट, कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा, सेवादल के नगर अध्यक्ष भुवन चंद्र पंत, दिनेश भंडारी, ऋषि त्यागी, जीवन सिंह, प्रदीप कुमार, नरेश कुमार, गोपाल सिंह गढ़िया, राजेश नौटियाल, दिनेश कांडपाल, राजू, आशीष, विशाल, मोहन सिंह आदि शामिल रहे।

### निगम कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान

देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी महासंघ ने निगम कर्मचारियों की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समाधान किए जाने पर जोर दिया। नए सचिव उद्योग विनय शंकर पांडे का स्वागत करने के साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया। अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटी के नेतृत्व में निगम महासंघ प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हर मामले में निगमों के साथ भेदभाव होता है। शासन स्तर से जारी होने वाले किसी भी आदेश का कर्मचारियों को सीधे लाभ नहीं मिलता। जो आदेश राज्य कर्मचारियों पर सीधे लागू हो जाता है, उसे लागू कराने को निगम कर्मचारियों को अनावश्यक भाग दौड़ करनी पड़ती है। हर छोटे बड़े काम के लिए परेशान किया जाता है। जबकि शासन स्तर से कई बार स्पष्ट आदेश हो चुके हैं कि कोई भी आदेश राज्य कर्मचारियों के साथ ही निगम कर्मचारियों पर भी सीधे लागू होगा।

# पौड़ी पुलिस ने शुरू की कांवड़ यात्रा की तैयारियां



ऋषिकेश। जी–20 शिखर सम्मेलन के तहत स्वर्गाश्रम में आयोजित कार्यक्रम के निपटते ही अब पौड़ी पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। एसएसपी ने नीलकंठ क्षेत्र का निरीक्षण कर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को पार्किंग, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का खाका तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मेला क्षेत्र में बाहरी इलाकों के लोगों के सत्यापन को सघन अभियान चलाने को भी कहा। शुक्रवार को एसएसपी श्वेता चौबे नीलकंठ धाम पहुंचीं। उन्होंने गरुड़चट्टी, पीपलकोटी, जिला पंचायत और टैक्सी यूनियन की पार्किंग का जायजा लिया। नीलकंठ चौकी में पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी। कांवड़ यात्रा में यातायात को सुचारू रखने के लिए जिला पंचायत से समन्वय कर वैकल्पिक पार्किंग के इंतजाम कराने के निर्देश दिए। पैदल मार्ग पर पेयजल के इंतजाम और यात्रा मार्गों को भी पीडब्ल्यूडी से बातचीत कर दुरुस्त कराने को कहा। नीलकंठ मार्ग पर पैराफिट, क्रश बैरियर और पुश्तों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए। एसएसपी ने राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क प्रशासन से पत्राचार कर पैदल मार्ग पर सशस्त्र वनकर्मियों की तैनाती भी यात्राकाल में कराने के निर्देश दिए। बताया कि जुलाई के पहले सप्ताह से कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने जा रही है। यातायात और सुरक्षा इंतजामों को चाक–चौबंद रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को अभी से जुटने को कहा है। यात्रा से संबंधित महकमों से भी पत्राचार के जरिए व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश मातहत अधिकारियों को दिए हैं। मौके पर लक्ष्मणझूला प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाईं आदि मौजूद थे।

# महापंचायत में भीड़ को उकसाने पर भड़के भाजपाई

ऋषिकेश। कैबिनेट मंत्री प्रकरण में भाजपा ने सुरेंद्र सिंह नेगी के समर्थन में आयोजित महापंचायत में भीड़ को उकसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने महापंचायत में हेट स्पीच के बाबत पुलिस से दो लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शुक्रवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार की अगुवाई में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे।

सुमित ने शिकायत देकर बताया कि गुरुवार को गुमानीवाला में आयोजित महापंचायत में दो लोगों ने मंच से लोगों को भड़काते हुए हिंसा फैलाने की कोशिश की। उन्होंने भाषणा में 10 मिनट के लिए पुलिस हटाने के बाद मंत्री को किसमें कितनी हिम्मत और ताकत दिखाने की बात कही। टिप्पणी की निंदा करते हुए सुमित ने कहा कि यह समाज में जहर घोलने, सामाजिक अशांति और समाज को बांटकर आपसी सौहार्द बिगाड़ने के लिए किया गया। बताया कि इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

### ऑनलाइन सस्ता मोबाइल खरीदने के झांसे में 62 हजार गंवाए

देहरादून। ऑनलाइन सस्ता मोबाइल खरीदने के झांसे में एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। शहर कोतवाल विद्याभूषण नेगी ने बताया कि शुभम पेटवाल निवासी केदारपुर ने तहरीर दी। बताया कि उसने ऑनलाइन सैमसंग एस 22 अल्ट्रा फोन बिक्री की पोस्ट देखी।

उसने पोस्ट डालने वाले से बात की। उसने 62 हजार रुपये बेचने की डील की। पीड़ित ने भुगतान कर दिया। इसके बाद आरोपी ने फोन नहीं।

# तुच्छ राजनीति और षड़यंत्र कर रहे हैं कांग्रेस नेता: अग्रवाल



ऋषिकेश। गुमानीवाला में शुक्रवार को आयोजित जनसभा में सभी ने बीते दिनों वित्त मंत्री के खिलाफ की गई महापंचायत की निंदा की। वक्ताओं ने कांग्रेस नेताओं पर तुच्छ राजनीति करने और क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ षड़यंत्र रचने का आरोप लगाया। शुक्रवार को अमितग्राम गुमानीवाला में आयोजित जनसभा में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग तुच्छ राजनीति के जरिए ऋषिकेश में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी करने वालों का साथ देकर कांग्रेस क्षेत्र में भय और अराजकता का माहौल पैदा कर रही है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य करती है। क्षेत्र का विधायक होने के नाते साढ़े 16 वर्षों में उनकी ओर से भी हर वर्ग, हर समाज का सम्मानकर समुचित विकास पर उनकी मूलभूत समस्याओं का निस्तारण किया गया। कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी जो विधानसभा चुनाव में लगभग 20 हजार मतों के अंतर से पराजित होता है, वो उनके द्वारा लगातार किये जा रहे विकास कार्यों से परेशान होकर तथा उनकी बढ़ती लोकप्रियता से भयभीत होकर जनता को भ्रमित कर रहा है। पार्षद वीरेंद्र रमोला ने कहा कि बीते रोज तथाकथित लोगों ने श्यामपुर में जनसभा कर क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ जहर उगला है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

# युवाओं को मोटे अनाज के सेवन हेतु किया प्रेरित

## कण्वघाटी महाविद्यालय में किया मोटा अनाज पोषण मेला एवं सेमिनार का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी, कोटद्वार में मोटा अनाज पोषण मेला एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ द्वारा मोटे अनाजों एवं उनसे बनी सामग्री के स्टॉल मेले में लगाए गए। इस दौरान युवाओं को मोटे अनाजों के सेवन करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. वीके अग्रवाल द्वारा मोटे अनाज के सेवन पर युवाओं को जागरुक करते हुए कहा कि यदि हम फास्ट फूड त्याग कर पौराणिक समय से उत्पादित मोटे अनाजों का सेवन प्रतिदिन अपने आहार में करते हैं तो बेहतर स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि हमारे पूर्वज इन्हीं अनाजों का सेवन कर स्वस्थ एवं बलशाली होते थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय देवलाल ने उत्तराखण्ड में उत्पन्न होने वाले मोटे अनाजों की जानकारी देते हुए कहा कि इनके उत्पादन के मूल्य संवर्धन से किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के समूहों को लघु उद्योग ईकाई स्थापित करने का अवसर मिलेगा, जिससे स्वरोजगार से सभी लाभान्वित होंगे।

जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अवसर पर पूरे देश में मिलेट्स के उपयोग व उत्पादन को बढावा दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि योग हमारी शारीरिक व मानसिक संतुलन को बनाये रखता है। योग वैदिक काल से ही भारतीय जीवन शैली का अभिन्न अंग रहा है। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक सतीश मौर्य द्वारा युवाओं को योगाभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर रुचि यादव चिकित्सा अधिकारी लालपानी, प्रियंका नेगी, चिकित्सा अधिकारी पदमपुर, डॉ. उषा सिंह समन्वयक कैरियर काउंसलिंग राजकीय महाविद्यालय, सरोजिनी रावत उप प्रधानाचार्य बाल भारती स्कूल सहित स्वयं सेवी ज्योति, हरीओम, सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोक नारायण, स्वयं सहायता समूह से रेखा देवी, राजेश्वरी देवी, अजय सिंह, एमएस रावत, सरस्वती देवी आदि उपस्थित रहे।



मेले में स्टाल में मोटे अनाज के बारे में जानकारी लेते हुए सदस्य।

### अतिथियों एवं युवाओं ने लिया स्थानीय व्यंजनों का स्वाद

मेले में लगे स्टॉलों में झंगोरे की खीर, अरसा, मंडवे की रोटी, दाल के पकोड़े, तिल, भट्ट, जौ, भंगजीरे की चटनी आदि का स्वाद मुख्य अतिथियों एवं युवाओं ने लिया। मेले में विकास स्वयं सहायता समूह, एक किरन सेवा समिति, उदयरामपुर स्वयं सहायता समूह, उदयरामपुर नयावाड़, आरआर बैग कलालघाटी, सरस्वती फूड पदमपुर सुखरौ कोटद्वार द्वारा प्रदर्शिनियां लगाई गई। साथ ही स्वास्थय विभाग द्वारा भी स्वास्थय से सम्बन्धित आईइसी मैटिरियल भी प्रदर्शित किए गए।

### निकिता नेगी ने किया विद्यालय टॉप

**कोटद्वार :** परिषदीय बोर्ड परीक्षा 2022-2023 में महादेव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जशोधरपुर का कक्षा 10वीं का परीक्षाफल 90 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं की छात्रा निकिता नेगी ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, वंशिका व संध्या ने 81 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, अनन्या बिष्ट ने 75 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में 14 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 5 छात्रों ने द्वितीय व 2 छात्रों ने तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षाफल 90 प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य निर्मल कुमार केमनी व प्रबन्धक जितेन्द्र चन्द्र डोबरियाल ने शिशुओं की सफलता पर बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि हमें आगे भी इससे श्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। विद्यालय परीक्षाफल पर समस्त आचार्य परिवार व प्रबन्ध समिति ने खुशी जाहिर की।

# मेधावी छात्र-छात्राएं और उनकी माताएं सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर में शुक्रवार को कमला नेहरू पुरस्कार समारोह एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान परिषदीय बोर्ड परीक्षा 2022-2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 23 छात्र-छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया।

समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डा. देवेंद्र चौहान, प्रबंधक राजेंद्र जखमोला, प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उपाध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, संरक्षक विष्णु अग्रवाल एवं द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय आचार्य रोहित बलोदी ने बताया कि समारोह में परिषदीय बोर्ड परीक्षा 2022-2023 हाईस्कूल में अनन्या रावत, आयुषी आदर्श, वंश कुमार, सुहानी नेगी, आशीष कुमार, प्रमोद कुमार, सलोनी चंद्रा, खुशबू कंडवाल, प्रेरणा नेगी, सोनू कुमार, हिमांशु कंडारी, कंचन, प्रेरणा नेगी, सार्थक डुकलान एवं इंटरमीडिएट में आकाश सिंह रावत, मानसी बौठियाल, नकुल चंद्र, विशाल कुमार, तुषार प्रजापति, आशीष कुमार, तूलिका गुसांई, वंशिका गुप्ता की माता को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में हाई स्कूल से प्रांजल, प्रज्ञा, अनुष्का, अक्षत, सृष्टि, अंकित, प्रियांशी, स्नेहा, नेहा, सृष्टि एवं ध्रुव रावत तथा इंटरमीडिएट में पीयूष, हर्षित, प्रिंस, नमन, आदित्य, प्रिया, तनुजा, आदिति, आकांक्षा एवं रोहित नेगी शामिल रहे। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा, कुंज बिहारी भट्ट, अतुल अग्रवाल, मणिराम शर्मा, केपी नैथानी आदि मौजूद थे।



### केंद्र व प्रदेश सरकार जन समस्याओं के निराकरण में रही असफल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** गढ़वाल लोकसभा सीट के पूर्व कांग्रेस सांसद प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी ने लैंसडौन विधान सभा के अंतर्गत रिखणीखाल, देवियोंखाल, डाबरी, ढ़ाबखाल और सिसल्डी में आम जन व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जन संपर्क कर नुक्कड़ सभाएं की। कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन समस्याओं के निराकरण में पूरी तरह से असफल रही है। इस दौरान मनीष खंडूड़ी ने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, महिला शोषण और भ्रष्टाचार के प्रति गंभीर नहीं है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा की जारी जनहानि को रोकने के लिए भी सरकार कठोर कानून बनाने में विफल रही है। यही कारण है कि पहाड़ से पलायन लगातार हो रहा है। कहा कि जनता अब सत्ता परिवर्तन चाहती है और आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी ही बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पूर्व प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री रंजना रावत, जयहरीखाल ब्लाक अध्यक्ष मनदीप पटवाल, ब्लाक अध्यक्ष रिखणीखाल प्रमोद रावत, ब्लाक अध्यक्ष नैनीडांडा मनीष सुंद्रियाल, मनोज रावत, अमित राज सिंह, विक्रांत खंतवाल, राजीव जखमोला आदि मौजूद थे।

# अपना बूथ सबसे मजबूत की कार्ययोजना पर काम करें : चौहान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली।** भाजपा संगठन की चौबट्टाखाल विधानसभा कार्यसमिति की बैठक सतपुली में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व हरिद्वार जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. जयपाल चौहान ने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पार्टी संगठन की मजबूती के लिए हर समय तत्पर रहना चाहिए। भाजपा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की ही बदौलत दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी। कहा कि आने वाले निकाय, पंचायत और लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए अभी से अपना बूथ सबसे मजबूत की कार्ययोजना पर काम करें।

सतपुली स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित कार्यसमिति की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी ने राज्य और केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कार्यकतार्ओं से उन्हें घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी और राज्य में धामी के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। भाजपा पौड़ी जिला महामंत्री शशि रतूड़ी ने चौबट्टाखाल विधानसभा में आने वाले भाजपा के चारों मंडल अध्यक्षों और कार्यकारिणी के सदस्यों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दासमती मीणा, महिला जिलाध्यक्ष मीना गैरोला, जिला प्रभारी महिला मोर्चा नेहा शर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत अंजना वर्मा, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष नरेंद्र टम्टा, प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी, भाजपा सतपुली मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, एकेश्वर अध्यक्ष गणेश रावत, पोखड़ा अध्यक्ष प्रभु शरण बुडाकोटी, बीरोंखाल अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट समेत विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक का संचालन जिला मंत्री महिपाल नेगी ने किया।



भाजपा की सतपुली बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

# एसएसपी ने नीलकंठ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

## कांवड़ यात्रा को लेकर अधिनस्थों को व्यवस्थाएं चौ-चौबन्द करने को कहा

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी :** जुलाई माह के पहले सप्ताह में होने जा रही कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने श्री नीलकण्ठ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसएसपी ने अधिनस्थों ने कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्री नीलकंठ मेला क्षेत्र में स्थित होटल, धर्मशाला, ढाबा आदि में पूर्व से नियुक्त व्यक्तियों का नियमित रूप से पुलिस सत्यापन किया जाए। कहा कि मन्दिर परिसर के बाहर सड़क मार्ग पर लगी फड़, ठेली तथा अस्थाई अतिक्रमण को हटाने हेतु समय से कार्यवाही की जाए, ताकि सड़क पर श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

शुक्रवार को एसएसपी श्वेता चौबे ने आगामी कांवड़ मेला के दृष्टिगत शिव भक्तों के आवागमन हेतु श्री नीलकंठ क्षेत्र में वाहन पार्किंग व्यवस्था, सड़क, पैदल मार्ग एवं कांवड़ मेला ड्यूटी में नियुक्त किए जाने वाले पुलिस बल के लिए रहने हेतु व्यवस्थाओं आदि जायजा लिया। एसएसपी ने गरूड़चट्टी, मोहन चट्टी, पीपलकोटी, जिला पंचायत पार्किंग, टैक्सी यूनियन पार्किंग का जायजा लेते हुये श्री नीलकण्ठ चौकी में बने पुलिस कट्रोल रुम एवं श्री नीलकण्ठ क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों आदि का निरीक्षण किया। एसएसपी ने यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रशासन व जिला पंचायत से समन्वय स्थापित कर श्री नीलकण्ठ मन्दिर आने वाले शिवभक्तों की सुविधा हेतु पार्किंग व्यवस्था बनाने, पैदल यात्रा करने वाले शिवभक्तों के लिये पानी की व्यवस्था करने एवं पार्वती मन्दिर से नीलकण्ठ मन्दिर परिसर तक पैदल ढ़लान वाले रास्ते पर बीच-बीच में लकड़ी के बैरियर लगाने हेतु प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला को निर्देशित किया। साथ ही पीपलकोटि के पास श्री नीलकण्ठ जाने वाले क्षतिग्रस्त हुये सड़क मार्ग एवं अन्य स्थानों पर सड़क मार्ग को सुधारने की कार्यवाही करने के लिए लोक निर्माण विभाग व मेला क्षेत्र में चिकित्सा, पानी एवं बिजली की समुचित व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को समय से पत्राचार करने हेतु निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण झूला एवं चौकी प्रभारी नीलकंठ सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



अधिनस्थों को दिशा निर्देश देते हुए एसएसपी श्वेता चौबे।

### प्रशासन ने सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण, लोगों ने किया विरोध

**पौड़ी :** अतिक्रमण के खिलाफ तहसील प्रशासन का अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान टीम को कोटद्वार रोड पर लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। टीम द्वारा समझाए जाने के बाद लोग शांत हुए। इस दौरान लोगों का कहना था कि तहसील प्रशासन जानबूझकर लोगों के घरों पर भी अतिक्रमण के निशान लगा रही है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर पुरानी सड़क के बाहर भी घरों में निशान लगाकर तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। शहर में इन दिनों अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए तहसील प्रशासन अभियान चला रही है। टीम ने शुक्रवार को कोटद्वार रोड पर सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान टीम को दुकानदारों व लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान तहसीलदार पौड़ी यशवीर सिंह ने बताया कि मानक के अनुसार ही अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को भी अवैध अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया गया है। श्रीनगर-पौड़ी-कोटद्वार हाईवे पर प्रेमनगर से बुआखाल तक 277 अतिक्रमण चिहिन्त किए गए है। तहसील प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर अभियान जारी है।

# तम्बाकू निषेध : जन जागरुकता रैली निकाली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्वास्थ्य विभाग विभाग पौड़ी की ओर से आगामी 31 मई को विश्व तम्बाकू दिवस मनाये जाने को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिर्सू में एएनएमटीसी की छात्राओं के साथ ही विभागीय कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र में जन जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान मुख्य बाजार में दुकानदारों को तम्बाकू निषेध से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री भी वितरित की गई। इसके साथ ही अन्य विभागीय कार्यालयों में जाकर वहां मौजूद कर्मचारियों को भी तम्बाकू से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी खिर्सू डॉ. जीशान मलिक ने वहां पर मौजूद दुकानदारों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के आस-पास 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचने, 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद बेचने या उनसे तम्बाकू उत्पाद बिकवाने, सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान करने पर विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर चालान की कार्यवाही की जा सकती है। इस मौके पर एनसीडी कंसल्टेंट स्वेता गुंसाई, ट्यूटर शिप्रा, आशा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुनील खण्डूड़ी सहित अन्य कर्मचारी व एएनएमटीसी की छात्राएं उपस्थित रही।




जन जागरूकता रैली निकालते हुए छात्राएं।

# पांच दिवसीय समर कैंप सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया है। समर कैंप के दौरान खेलकूद के साथ ही अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिला।

प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी ने बताया कि कैंप के दौरान योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, म्यूजिक, इंडोर गेम्स, आउटडोर गेम्स, कुकिंग व पेंटिंस आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने अपनी-अपनी रूचि के अनुसार इन कार्यक्रमों में भाग लिया। बच्चों को योगासन भी सिखाया गया, साथ ही नन्हें बच्चों ने रैंप वाक, फैंसी ड्रेस, फूड विदाउट फायर की गतिविधियां प्रस्तुत की। इस दौरान अनामिका दीक्षित ने बच्चों को मैजिकल शो, मेघना मैंदोला ने पेबल आर्ट, बोहो आर्ट, टिविंग आर्ट एवं अध्यापिका रश्मि नौटियाल ने क्राफ्ट वर्क सिखाया।



### बैठक 2 जून को

**पौड़ी :** सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक 2 जून को नगर पालिका सभागार में आयोजित की जाएगी। संघ की अध्यक्ष गणेशी नेगी, डब्बल सिंह, सुखदेव सिंह, सुशील चंद्र थपलियाल, शशिबल्लभ घंडियाल ने बताया कि सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी प्रवेक्षक संवर्ग की विभिन्न मांगों और कोर्ट के आदेश व फैसले को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने संघ से जुड़े सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से बैठक में आने की अपील की है।

# आस्था केष्टवाल ने किया विद्यालय टॉप

**संवाददाता**

**कोटद्वार :** परिषदीय बोर्ड परीक्षा 2022-2023 में शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर का इंटर परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। छात्रा आस्था केष्टवाल ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य वरूण कुमार भदोला ने बताया कि सत्र 2022-23 में शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर में इंटरमीडिएट में 37 छात्र-छात्राओं में से 32 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। 30 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में और 2 द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए। विज्ञान वर्ग की छात्रा आस्था केस्टवाल ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आस्था ने गणित विषय में 97 प्रतिशत और रसायन विज्ञान मे 99 प्रतिशत अंक अर्जित किये। 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कनिका द्वितीय और 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रियंका नेगी तृतीय स्थान पर रही। कनिका ने अंग्रेजी विषय में 97 अंक अर्जित किये।



शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर की छात्रा आस्था केष्टवाल।

# बगैर रजिस्ट्रेशन पर्यटन कार्यो से जुड़े बाहरी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें: कमिश्नर

नैनीताल। नैनीताल में बगैर रजिस्ट्रेशन पर्यटन कार्य कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गैर पंजीकृत होटलों और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ भी प्रशासन ने सख्ती बरतने की तैयारी कर ली है। शुक्रवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने पर्यटन सीजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि सीजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। नैनीताल क्लब स्थित सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि बोटिंग, साइकिलिंग, कयाकिंग, घुड़सवारी, बाइकिंग आदि पर्यटन कार्यों से जुड़े सभी लोगों का सत्यापन किया जाए। उन्हें नगर पालिका की ओर से पहचान पत्र जारी किए जाएं। कहा कि शहर में सिर्फ वही लोग कार्य करेंगे, जिन्हें संबंधित कार्य के लिए पंजीकृत किया गया हो। टैक्सी संचालकों की ओर से यात्रियों से मनमाना किराया वसूले जाने का संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि वे शहर



के मार्गों का किराया निर्धारित कर सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग और बैनर लगाएं। पंत पार्क और अन्य क्षेत्र में अवैध रूप से फड़–खोखे लगा कारोबार कर रहे लोगों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जिन्हें नगर पालिका की ओर से पंजीकृत किया गया है, यहां वे ही अस्थायी दुकानें लगाएंगे। उन्होंने ऐसे लोगों के आईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर आईजी नीलेश आनंद भरणे, डीएम वंदना सिंह चौहान, एसएसपी पंकज भट्ट, एमडी केएमवीएन डॉ. संदीप तिवारी, जीएम ऐपी बाजपेई, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, एसडीएम परितोष वर्मा, पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे, एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्रा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, त्रिभुवन फर्त्याल, रुचिर साह आदि रहे।

**ये निर्णय भी लिए**

–रूसी बाईपास पर लाइट, सीसीटीवी कैमरे और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

–पर्यटन स्थलों के लिए पीडब्ल्यूडी साइनेज बोर्ड लगाएगी।

–पर्यटकों को नैनीताल के संबंध में ब्रोसर वितरित किए जाएंगे।

–निजी वाहनों का टैक्सी में संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा।

## यूकेडी की उत्तराखण्ड बचाओ यात्रा पहुंची अल्मोड़ा



अल्मोड़ा। शुक्रवार 26 मई को उत्तराखण्ड क्रांति दल की हल्द्वानी से प्रारम्भ ह्लउत्तराखण्ड बचाओ यात्राह्व अल्मोड़ा पहुँची।

जहाँ पर उत्तराखण्ड क्रांति दल जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चौघानपाटा अल्मोड़ा में यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा द्वारा रात्रि प्रवास अल्मोडा में रहेगा। 27 मई को यात्रा चितई व दन्या होते हुए पिथौरागढ़ को प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम में यात्रा के संयोजक व केंद्रीय महामंत्री सुनील उनियाल, कोषाध्यक्ष तेज सिंह कार्की, केंद्रीय उपाध्यक्ष के0एस0 मेहरा, केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला, जिलाध्यक्ष काशीपुर शिव सिंह रावत, कुमाऊं प्रभारी यूएसएस देवेश सेन, संरक्षक महेश परिहार, जिलाध्यक्ष अल्मोड़ा दिनेश चंद्र जोशी, विधानसभा प्रभारी भानु प्रकाश जोशी, केंद्रीय सचिव गिरीश नाथ गोस्वामी, अजय कुमार, जैनी राणा, संतोष सिंह, अजय कुमार, राजेंद्र लाल, प्रकाश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## अंडरस्टैंडिंग मेंस्ट्रुएशन एंड सर्वाइकल कैंसर' विषय पर अल्मोड़ा विश्वविद्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला



अल्मोड़ा। शुक्रवार को अल्मोड़ा विश्वविद्यालय के गणित विभाग में सोच संस्था और समाज शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अंडरस्टैंडिंग मेंस्ट्रुएशन एंड सर्वाइकल कैंसर' विषय पर अल्मोड़ा विश्वविद्यालय के गणित विभाग में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. इला साह ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण बिष्ट मौजूद रहे। कार्यशाला में बीज वक्ता के रूप में सोच संस्था की ओर से हिमांशी भंडारी मौजूद रही। इस दौरान प्रो. जया उप्रेती, प्रो. अरविंद अधिकारी आदि मौजूद रहे। कार्यशाला में प्रो. इला साह ने सभी अतिथियों और छात्रों का स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने मासिक धर्म विषय से जुड़ी जानकारी और इसके सामाजिक तथ्यों पर प्रकाश डाला।

## सेवा विस्तार को उपनल कर्मचारियों दिया धरना

बागेश्वर। सेवा विस्तार की मांग को लेकर उपनल कर्मचारियों ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट उन्होंने नारेबाजी के साथ धरना दिया। कहा कि स्वास्थ्य और सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। कोरोनाकाल में उनकी जरूरत थी। उन्हें नौकरी पर रख लिया। बीते 31 मार्च को निकाल दिया। महंगाई और बेरोजगारी के कारण वह परेशान हैं।

बीते एक माह से अधिक समय से धरने पर हैं। कोई भी उनकी सुध नहीं ले रहा है। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की। इस दौरान संजय कन्नौजिया, बलवंत नगरकोटी, रीता देवी, ऋतु, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी अध्यक्षता में बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। रविवार 28 मई को आयोजित होने वाली संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा की आवश्यक तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों के लिए नामित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों /रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट सौंपे गए परीक्षा केंद्रों पर जाकर सभी व्यवस्थाओं को परीक्षा से पूर्व देख लें साथ ही परीक्षा सामग्री का मिलान भली–भॉति कर लें।

उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि संघ लोक सेवा आयोग के सभी दिशा–निर्देशों का भली–भांति पालन करें, तथा नियमानुसार परीक्षा संपन्न कराने की सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में लगे सभी कार्मिक समय से पूर्व अपने आवंटित परीक्षा केन्द्रों में पहुॅचना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा



केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती पुलिस विभाग द्वारा की जाय। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर मुख्य शिक्षा कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम में सम्पर्क स्थापित किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी परीक्षा केन्द्रों में मोबाईल व अन्य इलैक्ट्रानिक सामग्री का कलैक्शन सेन्टर स्थापित किया जाय।

उन्होंने बताया कि जनपद में इस परीक्षा हेतु कुल 07 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज अल्मोड़ा समीप प्रधान डाकघर अल्मोड़ा, राजा आनन्द सिंह, राजकीय बालिका इण्टर कालेज समीप टैक्सी स्टैण्ड अल्मोड़ा, रैमजे इण्टर कालेज, अल्मोड़ा लाला बाजार, अल्मोड़ा इण्टर कालेज अल्मोड़ा विवेकानन्दपुरी वार्ड, एडम्स गर्ल्स इण्टर कालेज, नियर रानीधारा रोड, शारदा पब्लिक स्कूल नियर सर्किट हाउस एवं सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय लोअर कैम्पस अल्मोड़ा परीक्षा केन्द्र है। इन सभी परीक्षा केंद्रों में 1907 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। यह परीक्षा 02 पालियों में आयोजित होगी। प्रथम प्रश्न पत्र परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे एवं द्वितीय प्रश्न पत्र परीक्षा प्रातः 2:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित होगी।

## पहाड़ों में लंपी रोग से ग्रसित जानवरों के इलाज के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए सरकार: पीतांबर पांडे

अल्मोड़ा। आज प्रेस को जारी एक बयान में धौलादेवी के पूर्व प्रमुख एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे ने कहा कि जागेश्वर विधानसभा में लंपी वायरस से पशुपालक बुरी तरह से त्रस्त हैं।

जानवरों में यह रोग बड़ी भयावहता से फैल रहा है जिससे जानवर लगातार ग्रसित हो रहे हैं एवं पशुपालक बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लगातार पशुपालकों से बात करने पर यह बात सामने आ रही है कि प्रदेश सरकार के द्वारा लंपी वायरस से निपटने के लिए कोई कारगर योजना नहीं बनाई गई है।

सरकारी चिकित्सालयों में लंपी वायरस के लिए इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश के पशुपालकों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह बाजार से लंपी वायरस का टीका खरीद कर अपने जानवरों को लगवा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार को अविलंब प्रत्येक ग्राम सभा में कैंप लगाकर जानवरों का परीक्षण करना चाहिए एवं लंपी



वायरस से ग्रसित जानवरों को निशुल्क टीका लगाना चाहिए। श्री पांडे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन पर ही टिकी हुई है।

श्री पांडे ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा इस रोग के इलाज के लिए जो दवाइयां एवं इंजेक्शन जानवरों को दिए जा रहे हैं वह जानवरों पर पूरी तरह निष्प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस बात का तुरंत संज्ञान लेकर प्रत्येक ग्राम सभा में लंपी वायरस से निपटने के लिए कारगर नीति के साथ ही पशुपालन स्वास्थ्य विभाग की टीम मुहैया करानी चाहिए जिससे कि जानवरों का इलाज होना संभव हो सके एवं पशुपालक पशुधन हानि से बच सकें।

## लोहाघाट में तीन दिवसीय उर्स का आगाज

चम्पावत। हिन्दू–मुस्लिम एकता की मिसाल हजरत काजू सैय्यद बाबा की मजार पर तीन दिनी उर्स का आगाज हो गया है। इस दौरान बच्चों ने कुरानख्वानी और पेशइमाम ने नाते पाक पढ़कर उर्स का आगाज किया।

शुक्रवार को हथरंगिया स्थित कालू सैय्यद बाबा की मजार पर वक्फ बोर्ड सदर गद्दी नसीन बाबा हसमत हुसैन की मौजूदगी में बच्चों ने कुरानख्वानी और पेशइमाम हाफिज जिलाउल मुस्तफा और हाफिज शाकिर हुसैन ने नाते पाक पढ़ा। बाबा हसमत ने बताया कि पिथौरागढ़, डीडीहाट, टनकपुर, पीलीभीत, खटीमा, हल्द्वानी, जौलजीबी से जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

## एसएसपी अल्मोड़ा ने जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ की मासिक अपराध गोष्ठी



अल्मोड़ा। शुक्रवार 26 मई को रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा पुलिस लाईन अल्मोड़ा के सभागार में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारी गणों के साथ सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपराध गोष्ठी में एसएसपी द्वारा साईबर क्राईम के मामलों में ठोस एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही हेतु अधीनस्थ अधिकारियों से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन किया गया।

## अपर सचिव ने मिट्टी रहित खेती की तकनीकि को सराहा



नैनीताल। अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने पटवाडांगर स्थित उत्तराखंड बायोटेक्नोलॉजी परिसर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा की जा रही मिट्टी रहित खेती के बारे में जानकारी ली। पटवाडांगर स्थित उत्तराखंड बायोटेक्नोलॉजी परिसर के प्रभारी डॉ. सुमित पुरोहित ने अपर मुख्य सचिव को प्लांट टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला में विकसित किए जा रहे कीवी, केला, मशरूम, पेकन नट आदि पर चल रहे शोध कार्यों की जानकारी दी। यहां उन्होंने नियंत्रित वातावरण में विकसित की जा रही टमाटर, पालक, पुदीना सहित कई अन्य प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव ने शोध कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. संदीप तिवारी, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. आरके सिंह, डॉ. मणिंद्र मोहन, डॉ. कंचन कार्की आदि उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार की योजनाओं को तक पहुंचाएं

चम्पावत। तेलंगाना से पहुंची राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सेल्वी ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। शुक्रवार को प्रवासी राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सेल्वी दो दिवसीय दौरे पर टनकपुर पहुंची। उन्होंने नगरपालिका सभागार में महिला मोर्चा संग बैठक की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुनीता मुरारी और संचालन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीता यादव ने किया। कार्यकारिणी सदस्य सेल्वी ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने को कहा। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा कार्यकर्ताओं और नव निर्वाचित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हाल जाना।

## मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। आपदा प्रबंधन के अंतर्गत आगामी मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मानसून सत्र से निपटने के लिए सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को अभी से सभी तैयारियॉ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय मार्ग, आरईएस सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मोटर मार्गों की नालियों की सफाई, बन्द पड़े कलवर्टों आदि को खोलने की कार्यवाही मानसून से पूर्व पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने कहा मानसून सत्र के दौरान निर्धारित स्थानों पर जेसीबी की तैनाती करते हुये वाहन चालकों के मोबाईल आपदा कन्ट्रोल रूम में प्रेषित किये जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपसी समन्वय स्थापित करते



हुये कार्य किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन सड़क मार्गों के आस–पास मलबा पड़ा है उसे वहां से तत्काल हटा दिया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर मानसून को दृष्टिगत रखते हुये कन्ट्रोल रूम स्थापित किये जाय। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में नामित अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम व मोबाईल नम्बर आपदा कन्ट्रोल रूम में प्रेषित किये जाय।

## भाजपा सरकार की नाकामियों को लेकर लोकसभा चुनाव में घर घर जाएंगे पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक

अल्मोड़ा। आज पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैंप कार्यालय में पहुंच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने बिट्टू कर्नाटक के साथ प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर श्री टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली से देहरादून वंदे भारत रेल चलाकर सफर को साढ़े चार घंटे का बना दिया। यह स्वागत योग्य कदम है। लेकिन आज जो कुमाऊं क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है ये अपने आप में सोचनीय विषय है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से कुमाऊं के जनपदों में भी सरकार को वंदे भारत रेल को पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंपी वायरस से आज पर्वतीय क्षेत्रों के पशु पालक बेहद परेशान हैं उनके पशु इस घातक बीमारी से लगातार ग्रसित हो रहे हैं पर ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। पर्वतीय क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले पशुपालकों की आज स्थिति यह है कि वह इस बीमारी के इलाज के लिए अपने जानवरों के लिए इंजेक्शन खरीदने के लिए भी दर–दर भटक रहे हैं। मात्र 700 रूपए का इंजेक्शन सरकार उन्हें उपलब्ध नहीं करवा पा रही है।



पशुपालकों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह स्वयं इस इंजेक्शन का खर्चा वहन कर सकें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में सरकार से मांग की है कि पशुपालकों को घर घर जाकर लंपी वायरस से निजात दिलाने के लिए उक्त इंजेक्शन निशुल्क उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक की पीठ थपथपाते हुए कहा कि बिट्टू कर्नाटक के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी उनके द्वारा हजारों लोगो की रसद, दवा इत्यादि से मदद की गई। उन्होंने कहा कि श्री कर्नाटक के द्वारा लगातार गरीब, मध्यम एवं जरूरतमंदों की व्यक्तिगत रूप से सहायता की जा रही है जो काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि बिट्टू कर्नाटक आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर, अवरुद्ध विकास को लेकर घर घर तक जाएंगे और लोगों को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराएंगे। यहाँ प्रेस वार्ता में पूर्व दर्जाधारी कर्नाटक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड की पांचों सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, नैनीताल एवं हरिद्वार लोकसभा सीट पर घर घर जाकर जनता से सीधा संवाद करेंगे एवं भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच में रखने का कार्य करेंगे। इसके साथ ही कर्नाटक ने कहा कि भाजपा की सरकार में अल्मोड़ा विधानसभा की दशा दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। चाहे सड़कों का मामला हो या स्वास्थ्य का मामला हो, या सीवर का मामला हो इन सभी जगह जनता को सरकार सुविधाएं देने में नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अब यह समझ ले कि जनता ने ठान लिया है कि ऐसी जनविरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है जिसकी शुरुआत कर्नाटक चुनाव से हो चुकी है। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के पूर्व जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, रोहित शैली, हेम जोशी, कमलेश कर्नाटक, भूपेंद्र भोज, देवेंद्र कर्नाटक, दीपक पोखरिया, असलम खान, दीपांशु पांडे सहित अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# संसद भवन पर विवाद

देश की ऐतिहासिक संसद भवन की इमारत होने के बावजूद नए निर्माण को लेकर विरोध अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। नया संसद भवन तैयार है लेकिन इसे लेकर राजनीतिक पारा भी गरमाने लगा है। भारत की नए संसद भवन इमारत का उद्घाटन 28 मई को होना है लेकिन कई राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया है। २१ दल इसके विरोध में है जबकि 25 दल संसद भवन के उद्घाटन में शामिल होने के लिए तैयार हैं। निश्चित है कि उद्घाटन को लेकर राष्ट्रपति को आमंत्रित ना करना भी विरोध का एक मुख्य कारण माना जा रहा है। इस बात को लेकर है कि नई संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री की बजाय राष्ट्रपति को करना चाहिए। इनकी ओर से आरोप लगाया जा रहा है कि सरकार संविधान और संवैधानिक पद का अपमान कर रही है। नए संसद भवन के निर्माण के साथ ही विरोध शुरू होने लगा था और कहां जा रहा था कि जब एक संसद भवन पहले से ही सुचारू रूप से कार्य कर रहा है तो अनावश्यक तौर पर जनता के पैसे का दुरुपयोग क्यों किया जा रहा है? विपक्ष ने नए संसद भवन के निर्माण पर भी सवाल खड़े किए हैं और इसके अंदरूनी भाग को त्रुटिपूर्ण बताया है। एक अन्य विवाद नए संसद भवन के लोकसभा अध्यक्ष की सीट के बगल में सेंगोल को स्थापित करने को लेकर भी है। प्राचीन परंपराओं का यह सैंगोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्थापित करेंगे, जबकि विपक्ष इस बात को लेकर हैरान है कि आखिर संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से क्यों नहीं करवाया जा रहा है? यही कारण है कि 21 राजनीतिक दल ने संसद भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे। संगोल वह परंपरा है जिसमें प्राचीन काल में सत्ता के हस्तांतरण के लिए इसका प्रयोग किया जाता था और इसे राज्य सत्ता का प्रतीक माना जाता था। विपक्ष भी मानता है कि संगोलगी इस दक्षिण भारतीय परंपरा के निर्वहन से भाजपा तमिलनाडु की राजनीति मैं अपने पैर जमाना चाहती है। आकलन किया जाए तो आखिर नए संसदीय भवन के उद्घाटन को लेकर विरोध के मायने आखिर क्या है। यह बेहद महत्वपूर्ण बन जाता है कि सभी सांसद नए संसदीय भवन के उद्घाटन के समय मौजूद रहे और यदि ऐसा नही होता है तो कहीं ना कहीं यह एक लोकतांत्रिक प्रतिष्ठा के आयोजन पर भी सवाल खड़े करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह को सभी सदस्यों एवं राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर उन्हें उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए प्रेरित करना चाहिए और यही एक मजबूत लोकतंत्र वाले देश के मुखिया का कर्तव्य भी है।

# विपक्ष के पास अब अध्यादेश का मुद्दा

**महाराष्ट्र के अलावा जम्मू कश्मीर का मुद्दा भी विपक्ष के पास है, जहां पिछले कई सालों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया स्थगित है। केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया, उस पर ज्यादातर विपक्षी पार्टियों को आपत्ति नहीं है। वह संविधान का एक अस्थायी प्रावधान था, जिसे हटा दिया गया। लेकिन कश्मीर का मामला इतना भर नहीं है। केंद्र सरकार ने उसका दर्जा बदल दिया। एक पूर्ण राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया। राज्य में विधानसभा पहले से भंग थी और चुनाव की प्रक्रिया स्थगित थी। ऐसे में जन भावना जानने का कोई साधन केंद्र के पास नहीं था। लेकिन उसने एकतरफा तरीके से एक राज्य का विभाजन कर दिया और उसका दर्जा बदल कर पूर्ण राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। उसके बाद भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने की कोई पहल राज्य में नहीं हो रही है। परिसीमन का काम पूरा हो गया है और नई मतदाता सूची बन चुकी है। इतना ही नहीं मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम भी लगभग हो चुका है। इस गर्मियों में विधानसभा का चुनाव होने की चर्चा थी। लेकिन अभी तक इस बारे में कोई सूचना नहीं है।**

**अजीत द्विवेदी**

विपक्षी पार्टियां एक ऐसे मुद्दे की तलाश में थीं, जो राजनीतिक हो, जिसके पीछे कोई वैचारिक आधार हो, जिससे किसी न किसी रूप में न्यायपालिका का जुड़ाव हो और संविधान की मूल भावना भी जुड़ी हुई हो। दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले का फैसला केंद्र के हाथ में रहे इसके लिए एक प्राधिकरण का गठन करने वाले केंद्र के अध्यादेश ने विपक्ष को वह मुद्दा दे दिया है। विपक्ष इस मुद्दे पर बड़ी राजनीतिक लड़ाई लड़ सकता है तो विधायी और कानूनी लड़ाई भी लड़ी जा सकती है। ध्यान रहे एकजुट विपक्ष इससे पहले सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का मामला लेकर सुप्रीम कोर्ट में गया था लेकिन अदालत ने इस पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उस मामले में विपक्ष कमजोर विकेट पर था। ऐसा लग रहा था कि समूचा विपक्ष भ्रष्टाचार के आरोपों से अपनी रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में गया है। जनता के बीच भी उस मुद्दे का कोई सकारात्मक असर विपक्ष के लिए नहीं था। अब अध्यादेश के रूप में विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है।

अगर विपक्षी पार्टियां साझा प्रयास करती हैं तो इस मुद्दे पर सरकार और भाजपा को उसी तरह से बैकफुट पर ला सकती हैं, जैसे किसानों ने कृषि कानूनों के मसल पर ला दिया था। इसके लिए विपक्ष को इस मुद्दे का दायरा बढ़ाना होगा। यह सिर्फ दिल्ली सरकार तक सीमित रहा तो उसका असर भी सीमित होगा। दायरा बढ़ाने से मतलब है कि जिस तरह से दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामकाज में केंद्र का दखल बढ़ा है उस तरह की स्थितियां कई जगह हैं। महाराष्ट्र को इस मुद्दे के साथ जोड़ा जा सकता है, जहां के तत्कालीन राज्यपाल और विधानसभा स्पीकर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों बेहद तीखी टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं था, जिससे उनको लगे कि उद्धव ठाकरे की सरकार बहुमत खो चुकी है। सर्वोच्च अदालत ने माना कि राज्यपाल की ओर से सदन की बैठक बुलाने और विश्वास मत हासिल करने के लिए कहे जाने की वजह से उद्धव ठाकरे सरकार गिरी थी। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को लेकर भी कहा था कि उन्होंने विधायक दल को ही पार्टी मान लिया और उसके हिसाब से विधानसभा में व्हिप की नियुक्ति की, जबकि राजनीतिक दल की ओर से नियुक्त व्यक्ति को व्हिप की मान्यता मिलनी चाहिए।



महाराष्ट्र के अलावा जम्मू कश्मीर का मुद्दा भी विपक्ष के पास है, जहां पिछले कई सालों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया स्थगित है। केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया, उस पर ज्यादातर विपक्षी पार्टियों को आपत्ति नहीं है। वह संविधान का एक अस्थायी प्रावधान था, जिसे हटा दिया गया। लेकिन कश्मीर का मामला इतना भर नहीं है। केंद्र सरकार ने उसका दर्जा बदल दिया। एक पूर्ण राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया। राज्य में विधानसभा पहले से भंग थी और चुनाव की प्रक्रिया स्थगित थी। ऐसे में जन भावना जानने का कोई साधन केंद्र के पास नहीं था। लेकिन उसने एकतरफा तरीके से एक राज्य का विभाजन कर दिया और उसका दर्जा बदल कर पूर्ण राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। उसके बाद भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने की कोई पहल राज्य में नहीं हो रही है। परिसीमन का काम पूरा हो गया है और नई मतदाता सूची बन चुकी है। इतना ही नहीं मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम भी लगभग हो चुका है। इस गर्मियों में विधानसभा का चुनाव होने की चर्चा थी। लेकिन अभी तक इस बारे में कोई सूचना नहीं है।

सो, विपक्षी पार्टियों को दिल्ली सरकार से अधिकार छीनने के लिए लाए गए अध्यादेश को सिर्फ दिल्ली के संदर्भ में देखने की बजाय व्यापक संदर्भ में देखना चाहिए। यह संघवाद की बुनियादी अवधारणा से जुड़ा मामला है। विपक्षी पार्टियों को शिकायत रही है कि केंद्र सरकार कहीं उप राज्यपाल के जरिए तो कहीं राज्यपाल के जरिए और कहीं केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्षी पार्टियों की सरकारों के कामकाज में दखल बढ़ा रही है या सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। यह आरोप पश्चिम बंगाल से लेकर बिहार, झारखंड से लेकर तेलंगाना और दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सरकारों ने लगाए हैं। इन राज्यों में सत्तारूढ़ दलों ने दूसरी विपक्षी पार्टियों के साथ मिल कर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। उसमें उनको कामयाबी नहीं मिल पाई थी। उनके लिए केंद्र सरकार का अध्यादेश उसी मामले का विस्तार हो सकता है।

इसमें कई मामले एक साथ जुड़े हैं। संघवाद, संविधान का बुनियादी ढांचा, न्यायपालिका सब इससे जुड़े हैं। इस मामले में कानूनी लड़ाई अदालत में लड़ी जाएगी और विधायी लड़ाई संसद में। लेकिन एक राजनीतिक लड़ाई भी होगी, जिसकी तैयारी अरविंद केजरीवाल करते दिख रहे हैं। वे इस मसले पर विपक्षी पार्टियों को एकजुट कर रहे हैं। उनके पक्ष में यह बात जाती है कि सभी विपक्षी पार्टियां इस संकट को अपने संकट के तौर पर देख सकती हैं क्योंकि हर राज्य को ऐसी कोई न कोई शिकायत केंद्र से जरूर रही है। यहां यह ध्यान रखने की जरूरत है संसद में विपक्ष विधायी लड़ाई नहीं जीत सकता है। राज्यसभा में, जहां सरकार का पूर्ण बहुमत नहीं है वहां भी उसे मुद्दों के आधार पर सहयोग करने वाली पार्टियों का समर्थन हासिल है। इसलिए अध्यादेश को कानून बनने से रोकने की लड़ाई सफल नहीं हो सकती है। फिर भी यह हारती हुई लड़ाई विपक्ष को एकजुट कर सकती है और इससे सड़क की लड़ाई को बल मिल सकता है।

ध्यान रहे केंद्र सरकार ने अध्यादेश के जरिए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले को पलटा है। इसलिए गर्मियों की छुट्टियों के बाद सर्वोच्च अदालत में एक बार फिर इस पर मंथन होगा और उसका फैसला जो भी होगा वह बहुत दूरगामी होगा। विधायी और न्यायिक लड़ाई के बीच विपक्षी पार्टियों की राजनीतिक लड़ाई का अपना महत्व होगा। असली दिलचस्पी का मुद्दा यही लड़ाई है क्योंकि इससे कुछ सवाल उठते हैं और हर घटना में साजिश देखने वालों की दिलचस्प व्याख्या भी सामने आती है। सवाल यह है कि क्या भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार को इसका अंदाजा नहीं था कि दिल्ली सरकार की शक्तियां छीन कर अपने हाथ में लेने के इस प्रयास का उलटा असर हो सकता है? साजिश थ्योरी देखने वालों का मानना है कि विवाद बढ़ाने के लिए जान–बूझकर यह अध्यादेश लाया गया है। यह भी कहा जा रहा है कि जान–बूझकर अरविंद केजरीवाल को मौका दिया गया है कि वे विपक्षी एकता की पहल अपने हाथ में लें। इससे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से फोकस हटेगा और कांग्रेस की दुविधा बढ़ेगी। अगर संघवाद के मसले पर केजरीवाल केंद्र सरकार और भाजपा से लड़ते दिखते हैं तो उनकी ताकत बढ़ेगी, जिसका इस्तेमाल वे कांग्रेस को कमजोर करने के लिए करेंगे।सो, इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि केंद्र ने इस अध्यादेश से एक तीर से कई शिकार करने का प्रयास किया है। इससे दिल्ली के प्रशासन पर केजरीवाल के नियंत्रण का प्रयास फेल होगा तो उनकी राजनीतिक ताकत बढ़ेगी, जिससे वे कांग्रेस को कमजोर करेंगे। साथ ही विपक्षी एकता बनवाने में उनकी भूमिका भी बढ़ेगी, जिससे नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, के चंद्रशेखर राव आदि के प्रयासों पर से फोकस हटेगा। ध्यान रखने की जरूरत है कि केजरीवाल कहीं भी सीधे तौर पर भाजपा के लिए चुनौती नहीं हैं– न विधानसभा चुनाव में और न लोकसभा चुनाव में। दीर्घावधि में पता नहीं क्या होगा लेकिन फिलहाल उनकी ताकत बढ़ने से विपक्ष और खास कर कांग्रेस कमजोर होगी, जिसका फायदा भाजपा को होगा।

# भारत की अपनी जब गलती

अगर केंद्रीय मंत्रियों से लेकर अरुणाचल भाजपा के वक्तव्यों को स्वीकार कर लिया जाए, तो यह समझना किसी भारतीय नागरिक के लिए मुश्किल हो जाएगा कि चीन के साथ हमारी नई दिक्कत क्या है?

ये दोनों खबरें परेशान करने वाली हैं। पहली खबर यह है कि लद्दाख के देपसांग क्षेत्र में चीन के साथ चल रही सैनिक कमांडरों की पिछली बैठक में चीन ने वहां 15 किलोमीटर का बफर जोर बनाने की मांग की। चीन की मर्जी यह है कि उसमें कम से कम दस किलोमीटर का बफर जोन उन इलाकों में बने, जिन पर भारत का नियंत्रण है। इसके पहले टकराव के दूसरे स्थलों पर भारत पांच किलोमीटर का बफर जोन बनाने पर राजी हुआ था। संभवतः भारत के लिए इस पर राजी होने की मजबूरी भाजपा सरकार के इस रुख की वजह से बनी थी कि अप्रैल 2020 से लद्दाख में चीन ने कोई घुसपैठ नहीं की। बहरहाल, दूसरी खबर अरुणाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के एक दल का यह दावा है कि चीन ने वहां 1962 के बाद भारत की जमीन पर कोई कब्जा नहीं किया है। प्रदेश भाजपा के दल का दावा है कि चार महीनों तक हर सीमाई गांव का दौरा करने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा।अब सवाल है कि क्या लद्दाख के देपसांग में भारत चीन की मांग पर राजी होगा? रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसा करने का मतलब चीन की वहां आक्रमक हुई सामरिक रणनीति को मान्यता दे देना होगा। प्रश्न यह भी है कि जिस समय चीन के साथ एक कूटनीतिक टकराव का दौर है, सत्ताधारी दल की एक प्रदेश इकाई ने सार्वजनिक रूप से ऐसा बयान क्यों दिया, जिससे चीन का पक्ष मजबूत होता है? चीनी मीडिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 जून 2020 के 'ना कोई घुसा हैज्ड वाले बयान से लेकर विभिन्न मंत्रियों की तरफ से उसे क्लीन चिट देने से संबंधित बयानों को खूब प्रचारित किया गया है। दरअसल, अगर केंद्रीय मंत्रियों से लेकर अरुणाचल भाजपा के वक्तव्यों को स्वीकार कर लिया जाए, तो यह समझना किसी भारतीय नागरिक के लिए मुश्किल हो जाएगा कि चीन के साथ हमारी नई दिक्कत क्या है? आखिर, क्यों भारत उसके खिलाफ लामबंदी में शामिल हो रहा है? स्पष्ट है, ऐसे बयानों से सत्ताधारी दल को देश के अंदर भले लाभ होता हो, लेकिन भारत को इनसे खासा नुकसान हो रहा है।

## गर्मियों के मौसम में इन परिधानों को पहनकर दिखे स्टाइलिश

गर्मी के मौसम में तेज धूप और गर्मी के कारण नवयुवतियों का फैशनेबल दिखना बहुत मुश्किल हो जाता है। इस मौसम में वे अपने परिधान का चयन करते हुए विचारों में पड़ जाती हैं। ऐसे में स्टाइलिश दिखाना और धूप से खुद को बचाना लड़कियों के लिए बहुत ही मुश्किल होता है पर आज हम आपको कुछ ऐसे परिधानों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें पहनकर आप खुद को स्टाइलिश बना सकती हैं– **मिडी स्कर्ट** आप इन गर्मियों में अपने वार्डरोब में मिडी स्कर्ट को जरूर शामिल करें। यह गर्मियों में पहनने के लिए एक परफेक्ट फिट होगा। आप आसानी से इसको चेंज कर सकती हैं। आप इसके साथ हील्स पहन सकती हैं। अगर आप इसको कैजुअल वियर करना चाहती हैं तो इसके साथ स्नीकर्स की पेयरिंग भी की जा सकती है।

**फ्रंट ओपन ड्रेस** कॉटन लॉन्ग ड्रेसेस में फ्रंट ओपन ड्रेस, आपको स्टाइलिश लुक देगी। इसे कॉटन पैंट या प्लाजो के साथ कैरी कर सकते हैं।

# ट्रंप को बड़ी चुनावी चुनौती !

**श्रुति व्यास,**

राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनना अब डोनाल्ड ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा। फ्लोरिडा के दक्षिणपंथी गवर्नर रोन डेसांटिस उनके खिलाफ मैदान में उतर आए है।उन्होने पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने के अपने अभियान की शुरुआत एकदम नए, मॉडर्न अंदाज़ में की है। वे ट्विटर के अरबपति मालिक एलन मस्क के साथ ट्विटर स्पेसेस पर लाइव हुए। एलन मस्क ने कहा कि चुनाव अभियान की यह शुरूआत अपनी तरह की एकदम अनोखी है।

ट्रंप में राह में केवल डेसांटिस ही रोड़ा नहीं है। भले ही जन सर्वेक्षणों में ट्रंप अपने प्रतिद्वंदियों से 30 पॉइंट आगे हों परन्तु उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनने देने के लिए दृढ संकल्पित उनके प्रतिद्वंदियों की संख्या कम नहीं है।जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी ने तय कर लिया है कि राष्ट्रपति जो बाइडन उसकी तरफ से चुनाव मैदान में उतरेंगे। परन्तु नवंबर2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने उम्मीदवार का चयन रिपब्लिकन पार्टी प्राइमरी इलेक्शन्स के ज़रिये करेगी, जिनकी सीरिज अगले साल फरवरी से शुरू हो जाएगी।

रोन डेसांटिस, ट्रंप के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं। और जैसा कि सब को पता है, ट्रंप को किसी भी प्रकार के प्रतिद्वंद्वी पसंद नहीं हैं।ट्रंप सोशल मीडिया पर डेसांटिस पर लगातार तीखे हमले कर रहे हैं। वे उनकी नीतियों और उनके व्यक्तित्व दोनों पर हमलावर हैं।कभी ट्रंप ने ही डेसांटिस को गवर्नर बनवाया था। परन्तु अब वे उन्हें विश्वासघाती और निकम्मा बता रहे हैं। डेसांटिस द्वारा अपना चुनाव अभियान ट्विटर पर शुरू करने पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप के एक सलाहकार ने 'पोलिटिकोइ से कहा, डेसांटिस के लिए ट्विटर परफेक्ट है। इस तरह न तो उन्हें आमजनों से मिलना पड़ा और ना ही मीडिया उनसे कोई प्रश्न पूछ पाई।

मज़े की बात है यही ट्रंप2018 में डेसांटिस को फ्लोरिड़ा का गवर्नर बनवाने पर आमादा थे। कारण यह था कि डेसांटिस ने उस समय ट्रंप का बचाव किया था जब वे यूक्रेन के नेता वोलोदिमीर जेलेंस्की



पर जो बाइडन के परिवार को जांच के घेरे में लेने के लिए दबाव डालने के आरोप में डेमोक्रेटिक पार्टी की पहल पर महाभियोग प्रस्ताव का सामना कर रहे थे। डेसांटिस ने उस समय भी ट्रंप की मदद की थी जब विशेष अभियोजक रॉबर्ट म्यूलर, 2016 के चुनावों को प्रभावित करने के रूस के प्रयासों के सिलसिले में ट्रंप को भी शक के घेरे में लेना चाहते थे। परन्तु हाल में जब उनसे पूछा गया कि क्या डेसांटिस को गवर्नर बनने में मदद करने पर उन्हें पछतावा है तब ट्रंप ने कहा, हाँ शायद मैंने गलती की। ये आदमी निकम्मा और मंदबुद्धि है, इतना तो मैं कह ही सकता हूँ।

तो रोन डेसांटिस क्या और कौन हैं?

जिस समय डेसांटिस गवर्नर पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में उतरे थे उस समय उनकी कोई ख़ास पहचान नहीं थी। अपने चुनाव अभियान में उन्होंने ट्रंप की इतनी ज्यादा खुशामद की कि मीडिया और जनता में उनका मजाक बनने लगा। परन्तु इसी कारण वे ट्रंप का समर्थन हासिल करने में सफल रहे।ट्रंप के चलते वे फ्लोरिडा के गवर्नर बन सके। ऐसा लग रहा था कि गवर्नर के रूप में वे उसी तरह काम करेंगे जैसे ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में कर रहे थे। परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया। वे लोगों को बांटने वाले नेता और अक्षम प्रशासक से मध्यमार्गी नेता और लोगों का ख्याल रखने वाले प्रशासक बन गए। उनकी लोकप्रियता बढ़ने लगी। कोविड महामारी के दौरान डेसांटिस देश के सबसे लोकप्रिय गवर्नरों में से एक थे। फ्लोरिडा जैसे ध्रुवीकृत प्रान्त में यह आसान नहीं था।

उनकी अच्छी छवि के कारण वे 2022 में एक बार फिर फ्लोरिडा के गवर्नर चुने गए। तभी से उन्होंने राष्ट्रपति के चुनाव में उतरने का मन बनाया। परन्तु दूसरे कार्यकाल में उनका दूसरा रूप सामने आया। बंदूकों और गर्भपात पर उनके विचार, नस्लीय और लैंगिक समानता पर जोर देने वालों की खिलाफत, डिज्नी वर्ल्ड के साथ उनके लम्बे युद्ध और 'विविधता, समानता और समावेशिताइ को सीमित करने के उनके प्रयासों के चलते उनकी रेटिंग्स गिरी हैं। यहाँ तक उनके कट्टर समर्थक भी हैरान हैं कि वे किस हद तक जा रहे हैं। उन्होंने लैंगिक पहचान और लिंग भेद पर चर्चा पर तीसरी क्लास (आयु 7–8 साल) तक प्रतिबन्ध लगाने वाले कानून को बारहवीं क्लास (आयु 17–18 साल) तक बढाने का प्रस्ताव किया। इस कानून को उनके आलोचक 'डोंट से गेइ बिल कहते हैं।

अमरीकी मीडिया का मानना है कि 2022 के बाद से डेसांटिस का जो रूप सामने आया है उसे देखकर ऐसा नहीं लगता कि वे एक बेहतर राष्ट्रपति साबित होंगे। डिज्नी के साथ उनके विवाद से साफ़ है उनकी प्रवृत्ति बदला लेने की है। इसके लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। पहले ऐसा लगता था कि लैंगिक और नस्लीय समानता में विश्वास रखने वाले डिज्नी वर्ल्ड से लड़ाई वे आसानी से जीत जाएंगे। लेकिन अब वह लड़ाई उनके लिए एक मुसीबत बन गयी है क्योंकि डेसांटिस के कुछ साथी तक उनकी आलोचना कर रहे हैं। उनका कहना है कि व्यापार–व्यवसाय को बढ़ावा देने वाले राज्य को किसी कंपनी को सिर्फ इसलिए निशाना नहीं बनाना चाहिए क्योंकि वह खुल कर अपनी बात कह रही है। इसमें कोई शक नहीं कि डेसांटिस,ट्रंप के नक्शेकदम पर चलकर शाबाशी

**अमरीकी मीडिया का मानना है कि 2022 के बाद से डेसांटिस का जो रूप सामने आया है उसे देखकर ऐसा नहीं लगता कि वे एक बेहतर राष्ट्रपति साबित होंगे। डिज्नी के साथ उनके विवाद से साफ़ है उनकी प्रवृत्ति बदला लेने की है। इसके लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। पहले ऐसा लगता था कि लैंगिक और नस्लीय समानता में विश्वास रखने वाले डिज्नी वर्ल्ड से लड़ाई वे आसानी से जीत जाएंगे। लेकिन अब वह लड़ाई उनके लिए एक मुसीबत बन गयी है क्योंकि डेसांटिस के कुछ साथी तक उनकी आलोचना कर रहे हैं। उनका कहना है कि व्यापार–व्यवसाय को बढ़ावा देने वाले राज्य को किसी कंपनी को सिर्फ इसलिए निशाना नहीं बनाना चाहिए क्योंकि वह खुल कर अपनी बात कह रही है। इसमें कोई शक नहीं कि डेसांटिस,ट्रंप के नक्शेकदम पर चलकर शाबाशी और तालियाँ हासिल करना चाहते हैं और हाँ, लोकप्रियता भी।**

और तालियाँ हासिल करना चाहते हैं और हाँ, लोकप्रियता भी। यूक्रेन पर उनके विचार भी चौंकाने वाले हैं। उन्होंने यूक्रेन को अमेरिका के समर्थन को गलत बताया है। उनकी दृष्टि में यूक्रेन में चल रहा युद्ध केवल "ज़मीन का झगड़ा" है।

ऐसा लगता है डेसांटिस ही डोनाल्ड ट्रंप के लिए सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती हैं। जाहिर है कि उन्हें हर संभावित ट्रंप–विरोधी वोटर को अपने साथ लेना होगा।

इपसोस द्वारा करवाए एक सर्वेक्षण से सामने आया है कि अधिक सम्भावना यही है कि डेसांटिस का समर्थन करने वाला मतदाता चाहेगा कि रूस के खिलाफ युद्ध में अमरीका मजबूती से यूक्रेन का साथ दे, यह न माने कि 2020 के चुनाव में गड़बडियाँ हुईं थीं और प्रगतिशील नीतियों का विरोध करे। ट्विटर पर चुनाव अभियान लांच करना एक बढ़िया आईडिया हो सकता है परन्तु अगर डेसांटिस को ट्रंप से पार पाना है तो ट्रंप के बराबर राजनैतिक धूर्तता दिखानी होगी।रिपलब्किन पार्टी का चुनाव– प्रचार हर दिन ज्याद दिलचस्प और गन्दला होता जा रहा है।

# स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है तोरई, कई बीमारियों को करती है दूर

तोरई अपने आहार में शामिल करने और गर्मी के महीनों के दौरान शरीर को ठंडा रखने के लिए गर्मियों की आदर्श सब्जी है। पानी की मात्रा में उच्च और कैलोरी पर कम, तुरई कुकुर्बिटेसी या लौकी परिवार से संबंधित है और फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, लोहा, मैग्नीशियम, विटामिन बी 6, पोटेशियम, सोडियम, जस्ता, तांबा और सेलेनियम का भंडार है। तोरई अपने उच्च फाइबर और पानी की मात्रा के साथ आपके कब्ज के मुद्दों को भी कम कर सकती है। गर्मियों के दिनों में तोरई या तुरई कब्ज को कम करने, वजन कम करने और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है।तोरई आपके रक्त शर्करा के स्तर को संतुलित करने में भी प्रभावी है। यह लिवर के कार्य के लिए भी अद्भुत मानी जाती है क्योंकि सब्जी जहरीले कचरे, शराब के अवशेषों को खत्म करने और वसा के संचय को रोकने में मदद करती है। तोरई गर्मियों के दौरान शरीर की अत्यधिक गर्मी को कम करने में भी मदद करती है, जिसके चलते कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है।गर्मियों में भूख मर जाती है। लेकिन आप जानते हैं कि इस मौसम से बचने के लिए अच्छी तरह से खाने की जरूरत है। आयुर्वेद के अनुसार, गर्मी उत्तरी संक्रांति (उत्तरायण) का आखिरी मौसम है, इसलिए गर्मी की तीव्रता और खुश्की अपने चरम पर होती है जिससे शरीर की ताकत का प्राकृतिक नुकसान होता है। अधिक गर्मी और शुष्कता के कारण शरीर से पानी की अत्यधिक हानि होती है। वनस्पति जगत के गुमनाम नायक – तुरई से मिलें। यह विनम्र सब्जी हो सकती है यह स्वास्थ्य लाभों से भरी हुई है जो बहुत अच्छा है।

**तोरी के फायदे**1. सूजन को कम करने से लेकर वजन घटाने में सहायता करने तक, तुरई के कई फायदे हैं। सब्जी विटामिन सी, आयरन, मैग्नीशियम, राइबोफ्लेविन, थायमिन और जिंक का भंडार है जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है।

## सिडनी की इमारतों में भीषण आग, दो किशोरों ने खुद को पुलिस के हवाले किया

**सिडनी , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने पुष्टि किया कि मध्य सिडनी में 13 वर्षीय दो स्कूली बच्चों ने भीषण आग लगने के बाद खुद को पुलिस के हवाले किया।

एनएसडब्ल्यू पुलिस बल के कार्यवाहक सहायक आयुक्त, पॉल डंस्टन ने आज सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमें युवाओं के एक समूह जानकारी हैं, जिन्हें गुरुवार शाम चार बजे के तुरंत बाद आग स्थल से भागते हुए देखा गया। डंस्टन ने कहा कि 13 वर्षीय दो किशोरों ने गुरुवार देर रात खुद को दो अलग–अलग पुलिस स्टेशनों में खुद को हवाले किया और अब पूछताछ में पुलिस की सहायता कर रहे हैं।फायर एंड रेस्क्यू एनएसडब्ल्यू के कार्यवाहक आयुक्त, जेरेमी फेटड्रेल ने भी संवाददाताओं को आग के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान की, जो गुरुवार सुर्री हिल्स में स्थानीय समयानुसार लगभग शाम चार बजे (1800 जीएमटी) एक बहुमंजिला इमारत में लगी थी। और इसे 10 वें अलार्म की स्थिति में अपग्रेड किया गया, जो सबसे गंभीर प्रकार की आग लगने की घटना है। श्री फेटड्रेल ने कहा कि आग लगने से दो इमारतों को व्यापक नुकसान पहुंचा और इसके कारण महत्वपूर्ण संरचनाएं नष्ट हुईं।

## जापान में छुरेबाजी, गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान के नागानो प्रांत में छुरेबाजी, गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने राइफल से लैस एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। स्थानीय पुलिस के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति विधानसभा अध्यक्ष का पुत्र है। पुलिस ने हत्या के संदेह में आज सुबह उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार गुरुवार शाम एक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कहा गया कि एक व्यक्ति ने नाकानो शहर में एक महिला को चाकू घोंप दिया है।

## जिन्ना हाउस हमला : पूर्व पीटीआई एमपीए समेत 16 को ट्रायल के लिए सेना को सौंपा गया

**लाहौर , एजेंसी।** पाकिस्तान में लाहौर की एक आतंकवाद–रोधी अदालत ने गुरुवार को जिन्ना हाउस में तोडफ़ोड़ में शामिल 16 संदिग्धों को कमांडिंग ऑफिसर को सौंपने की अनुमति दी, ताकि उन पर सेना के कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जा सके।

गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी से नाराज पार्टी समर्थकों ने 09 मई को सरकार और सैन्य प्रतिष्ठानों में तोडफ़ोड़ की थी। जिसके बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर सेना के कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। इससे पहले हिंसा में शामिल पीटीआई सर्मथकों और प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान एटीसी न्यायाधीश अभेर गुल खान ने सेना की ओर से लाहौर जेल में बंद उपद्रवियों की हिरासत की मांग को मंजूरी दे दी।कोर कमांडर हाउस जिसे जिन्ना हाउस के नाम से भी जाना जाता है। जिन्ना हाउस पर हमले के संबंध में दायर दो अलग–अलग मामलों में उनका नाम लिया गया था। आरोपियों में अमर जोहेब, अली इफ्तिखार, अली रजा, मुहम्मद अरसलान, मुहम्मद उमैर, मुहम्मद रहीम, जिया–उर–रहमान, वकास अली, रईस अहमद, मुहम्मद हशीर खान और हसन शाकिर शामिल हैं।

# जीडीपी वृद्धि अपने निचले स्तर पर, लोगों की आय घट रही, डिफॉल्ट होने का खतरा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पाकिस्तान इन दिनों चौतरफा संकट में घिरा है। राजनीतिक अस्थिरता, भुगतान संतुलन का संकट, तेजी से कम होता विदेशी भंडार और बढ़ता विदेशी ऋण, यानी कुल मिलाकर पाकिस्तान एक आर्थिक बारूद की ढेर पर बैठा है। इन सबके बीच ताजा जीडीपी आंकड़े और डराने वाले हैं। इसके मुताबिक पाकिस्तान की जीडीपी में अब तक सबसे निचले स्तर पर आ गई है।

राष्ट्रीय लेखा समिति ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि 30 जून को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद में महज 0.29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बता दें कि पिछली गर्मियों में विनाशकारी बाढ़ के बाद जून 2022 में निर्धारित पांच फीसदी जीडीपी लक्ष्य को सितंबर में संशोधित कर 2.3% कर दिया गया था।

1952 तक पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान के इतिहास में यह पांचवीं बार है जब विकास दर 1% से कम रही है। पिछली बार ऐसा वित्त वर्ष 2020 में हुआ था जब कोरोना महामारी की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को झटका लगा था।

पाकिस्तान में 2022–23 के दौरान डॉलर के संदर्भ में इसकी जीडीपी के आकार, विकास दर और प्रति व्यक्ति आय में भारी गिरावट आई है। यह स्थिति पिछले चार वर्षों में देश के समग्र उत्पादन में सबसे धीमी वृद्धि को दर्शाती है। डॉलर के संदर्भ में अर्थव्यवस्था का आकार वित्त वर्ष 2012 में 375.449 अरब डॉलर से घटकर वित्त वर्ष 23 में 341.554 अरब डॉलर रह गया। अर्थव्यवस्था के आकार में कमी की वजह पाकिस्तानी रुपये की गिरावट को बताया गया है। प्रति




व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2023 में गिरकर 1,568 डॉलर हो गई। पिछले साल प्रति व्यक्ति आय 1,766 डॉलर और वित्त वर्ष 21 में 1,677 डॉलर थी। यह आंकड़े व्यक्तिगत आय में तेज गिरावट के साथ समाज के लगभग सभी वर्गों के जीवन स्तर और कल्याण के बिगड़ने संकेत देते हैं। यह राष्ट्रीय आय में कमी का कारण बन सकता है, वस्तुओं और सेवाओं को वहन करने, बचत करने या निवेश करने की व्यक्तियों की क्षमता को सीमित कर सकता है।

वर्ष 2022–23 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 0.29 प्रतिशत अनुमानित है। कृषि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की वृद्धि क्रमशः 1.55 प्रतिशत, 2.94 प्रतिशत और 0.86 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। हालांकि, औद्योगिक क्षेत्र में 2.94 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 0.86 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। ये अनुमान अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन और गतिशीलता को दर्शाते हैं।

पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि अपने इतिहास के सबसे निचले स्तरों में से है। रिकॉर्ड मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ–साथ रुके हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के बेल आउट पैकेज के बीच देश की आर्थिक हालत और खराब हो गई। पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर आसमान छू रही है। यह अप्रैल में 36.4 फीसदी पर आ गई जो लगभग छह दशकों में सबसे अधिक बताई गई है। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर, देश के पास मात्र 4.3 अरब डॉलर बचे हैं, जिससे महज एक महीने का ही आयात संभव है।

दूसरी तरफ इस्लामाबाद के विदेशी कर्ज की चिंता है, जो 10 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसने जुलाई 2022 से इस अप्रैल तक अपने चालू खाता घाटे को घटाकर 3.3 बिलियन डॉलर कर दिया है, जो कि 2021–22 की इसी अवधि के 13.6 बिलियन डॉलर से काफी कम है।इस गिरावट की वजह के बारे में अर्थशास्त्री कहते हैं कि पिछले जुलाई और इस अप्रैल के बीच आयात पिछली इसी अवधि के दौरान 65.5 बिलियन डॉलर की तुलना में कम होकर 47 बिलियन डॉलर तक आ गया है। आयात में इस गिरावट ने पाकिस्तान के विनिर्माण क्षेत्र, निर्यात और जीडीपी को नुकसान पहुंचाया है, जो नकारात्मक वृद्धि की ओर बढ़ रहा है। जानकारों का कहना है कि विदेशी भंडार की कमी के कारण कच्चे माल और मशीनरी के कम आयात ने विनिर्माण क्षेत्र को प्रभावित किया और निर्यात के लिए पाकिस्तान की क्षमता को प्रभावित किया।

इस्लामाबाद 1.1 अरब डॉलर की किश्त जारी करने के लिए फरवरी की शुरुआत से आईएमएफ के साथ बातचीत कर रहा है। यह किश्त 6.5 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज का हिस्सा है, जिस पर इमरान खान की सरकार ने 2019 में हस्ताक्षर किए थे। पाकिस्तान में आए राजनीतिक खींचतान के कारण, आईएमएफ की लंबित समीक्षा को पूरा करने में गठबंधन सरकार विफल रही है। इसके अलावा पाकिस्तान ने 10वीं–11वीं समीक्षाओं को पूरा करने में भी देरी की। पाकिस्तान को ऋण देने के लिए आईएमएफ ने इसके सामने कुछ सख्त शर्तें रखी थीं। इनमें सब्सिडी में कटौती, विनिमय दर पर कैप हटाना, करों को बढ़ाना और ईंधन और बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी शामिल हैं। इन सख्त मांगों को पूरा करने के लिए शहबाज शरीफ की सरकार ने कई निर्णय लिए हैं लेकिन इसके बावजूद सरकार आईएमएफ को विश्वास में नहीं ले सकी है।

## पंजाब–हरियाणा में बारिश से तापमान गिरा, भीषण गर्मी से राहत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में भी बारिश होने से तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, चंडीगढ़, लुधियाना, पटियाला, फरीदकोट, मोहाली, एसबीएस नगर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, अंबाला, नारनौल, रोहतक, यमुनानगर, पंचकूला समेत अन्य स्थानों पर बारिश हुई। वहीं, देश की राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में कल हल्की बारिश हुई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार पालम वेधशाला ने हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे दर्ज की। आईएमडी ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में राजधानी दिल्ली में इसी तरह की स्थिति रहने की उम्मीद है और 30 मई तक लू का अनुमान नहीं है।

आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिन में राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के क्षेत्रों सहित उत्तर–पश्चिम भारत में रुक–रुककर बारिश होने का पूर्वानुमान है। सोमवार और मंगलवार को दिल्ली के कई हिस्सों में लू चली। इस दौरान कई मौसम केंद्रों ने अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया।

आईएमडी ने कहा कि दिन के दौरान राज्य के पश्चिमी भाग में 14 स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जिसमें तालचेर सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद संबलपुर में अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस, नौपाड़ा में अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस और झारसुगुड़ा में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य की राजधानी भुवनेश्वर में दिन के पहले पहर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस था, वहीं दोपहर में आंधी का सामना करना पड़ा।

## पूर्व पीएम इमरान खान का एक्शन, पार्टी से सभी दलबदलु नेताओं की सदस्यता रद्द की

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने पिछले कुछ दिनों में पार्टी छोड़कर अन्य दलों में शामिल होने वाले सभी नेताओं एवं पदाधिकारियों की सदस्यता रद्द कर दी।

पाकिस्तान में पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी से नाराज पार्टी समर्थकों ने 09 मई को सरकार और सैन्य प्रतिष्ठानों में तोडफ़ोड़ की थी। इसके बाद कई नेता पीटीआई से अलग हो गए थे। जिनमें महासचिव असद उमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फवाद चौधरी, पूर्व संघीय मंत्री शिरीन मजारी, आमेर महमूद कियानी और प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार मलिक अमीन असलम मुख्य रूप से शामिल हैं।

खान ने कहा कि उन सभी दलबदलु नेताओं की सदस्यता समाप्त कर दी गयी है जो पार्टी की कोर कमेटी का हिस्सा थे। वे अब पीटीआई के व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा नहीं होंगे और उन दलबदलु नेताओं को हटाने के बाद सोशल मीडिया अकाउंट को अपडेट किया जाएगा।

पीटीआई अध्यक्ष ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि उनके दल के नेता एवं कार्यकर्ता सरकार के आतंक का पूरी ताकत से सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह बयान इस्लामाबाद की ओर लंबे मार्च के दौरान पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई झड़प के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर जारी किया।

उन्होंने कहा कि 25 मई, 2022 की घटना ने देश में फासीवादी परंपरा की शुरुआत की। श्री खान ने याद किया कि जब वह सत्ता में थे, तब उस समय की विपक्षी पार्टियों ने तीन लंबे मार्च का आयोजन किया था और उनकी सरकार ने बिना किसी बाधा के उनको अनुमति प्रदान की थी।

उन्होंने मार्च से पहले अपनी पार्टी के नेतृत्व पर की गई का- र्रवाई को याद किया और कहा कि हम पूरी ताकत से सरकार के जुर्म का सामना कर रहे हैं।

खान ने कहा कि पिछले वर्ष का घटनाक्रम केवल एक शुरुआतझ था और आज देश की एक संघीय पार्टी बिना किसी गलती के राज्य सत्ता के अत्याचार का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं समेत पीटीआई के 10,000 से ज्यादा कार्यकर्ता और समर्थक जेल में हैं और उनमें से कुछ हिरासत में यातना का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने दोहराया कि 09 मई की हिंसा की पीटीआई के नेतृत्व ने निंदा की है।

## 300 यात्री रात से ही मुंबई एयरपोर्ट पर फंसे, फ्लाइट में बैठाकर फिर उतारा, जमकर हंगामा

**मुंबई , एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट की तरह ही एक मामला अब मुंबई एयरपोर्ट से सामने आया है जहां करीब 300 से ज्यादा यात्री बीते गुरूवार देर रात से ही एयरपोर्ट पर फंसे हैं। दरअसल यहां एक फ्लाइट में तकनीकि खराबी आई है। इस विमान को रात साढ़े 11 बजे मुंबई से वियतनाम के लिए उड़ान भरनी थी। लेकिन बाद में तकनिकी कहानियों के चलते यात्रियों को एक बार फ्लाइट में बैठाकर फिर उतारा गया। फिलहाल एयरपोर्ट पर यात्रियों का बदस्तूर हंगामा जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार मुम्बई एयरपोर्ट पर ङ्कद्बद्गह्लद्भड्डद्ग्रद्य एयर की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के चलते लगभग 300 यात्री रात से ही एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। इस प्लेन को मुम्बई से वियतनाम जाना था। जानकारी के अनुसार फ्लाइट को एयरपोर्ट से रात साढ़े 11 बजे ही उड़ान भरनी थी। लेकिन, प्लेन अभी तक एयरपोर्ट पर ही है।

दरअसल यह विमान उडऩे ही वाला था। वहीं इसमें यात्रियों को प्लेन के अंदर बैठा भी लिया गया था। लेकिन, तभी प्लेन के अंदर किसी तकनीकी गड़बड़ी का पता चला। इसके बाद सभी यात्रियों को फ़ौरन प्लेन से उतार लिया गया।

यात्रियों में कई बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यात्रियों के हंगामे की वजह से कुछ देर के लिए एयरपोर्ट पर अफरातफरी की स्थिति बनी रही।अब इस प्लेन में क्या तकनीकी गड़बड़ी हुई है, अभी इस बात की जानकारी खुलकर सामने नहीं आई है। लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि जल्द ही फ्लाइट उड़ान भरेगी।

## निमास के पर्वतारोहियों ने उत्तर पूर्वी राज्यों के सबसे ऊंचे पहाड़ को फतह किया

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** शिखर तिरंगा हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के नाको गांव में हिमाचल प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी रेओ पुरगिल पर चढ़ाई करने पहुंची जो 11 मई से शुरू हुई है।

निमास के पर्वतारोहियों की टीम ने हिमाचल प्रदेश की सबसे ऊँची चोटी रेओ पुरगिल पर चढ़ाई की है। यह एक अद्वितीय साहसिक कार्य है जिसे पहले कभी किया नहीं गया था। टीम निमास के अनुभवी पर्वतारोहियों ने पहले ही सात उत्तर पूर्वी राज्यों के सबसे ऊँचे पहाड़ों को शिखर तक पहुँचाया है, और अब वे हिमाचल प्रदेश की सबसे ऊँची चोटी के लिए यात्रा शुरू कर चुके हैं। यह चढ़ाई बहुत कठिन है क्योंकि यहाँ की तकनीकी चुनौतियों, बड़े बोल्डर और बर्फ के साथ मिश्रित कठिन ढाल की वजह से पहाड़ बहुत ही जटिल है। पिछले 10 वर्षों में केवल दो अभियान इस पहाड़ पर असफल रहे हैं, इसलिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि शिखर तिरंगा टीम इसे पूरा करने में सफल रही है। शिखर तिरंगा एक अनूठी साहसिक खोज है जिसका पहले कभी प्रयास नहीं किया गया है। इस कठिन प्रयास में अरुणाचल प्रदेश के दिरांग में स्थित राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान (निमास) के अनुभवी पर्वतारोहियों की एक टीम ने पहले ही सात उत्तर पूर्वी राज्यों के सबसे ऊंचे पहाड़ों को फतह कर लिया है और अब हिमाचल प्रदेश से सबसे ऊंची चढ़ाई की यात्रा शुरू कर दी है। दक्षिण ज़ांस्कर रेंज के रेओ पुर्गिल भाग में पिछले 5 दशकों में केवल 3 रिकॉर्ड सफल शिखर चढ़ाई हुई है। इसकी अत्यधिक तकनीकी चुनौतियों और बड़े बोल्डर और बर्फ के मिश्रण सहित कठिन ढाल के कारण पहाड़ बहुत कम ही प्रयास किया जाता है। पिछले 10 वर्षों में केवल दो अभियान पहाड़ पर बिना किसी सफलता के आए हैं। टीम निमास के पर्वतारोहियों

ने पहाड़ी उपकरणों और राशन को मैन पैक पर ले जाना पड़ा क्योंकि देर से हुई बर्फबारी के कारण खच्चर बेस कैंप तक नहीं पहुँच सके।

टीम ने शिखर पर पहुंचने से पहले 5417 मीटर और 6170 मीटर की ऊंचाई पर दो उच्च शिविर लगाए। बर्फीली बर्फ और चट्टानी इलाके के माध्यम से ऊंचाई में 18 घंटे की शानदार चाल में शिखर सम्मेलन हासिल किया गया था। कर्नल रणवीर सिंह जम्वाल के नेतृत्व में टीम 22 मई 2023 को दोपहर 02:50 बजे शिखर पर पहुंची। टीम 22 मई 2023 को शाम 07:55 बजे बेस कैंप में और अंत में 24 मई 2023 की शाम को रोड हेड गांव नाको पहुंची।

## मुंबई में पुलिस के भाई को चोर समझकर लोगों ने पीट–पीट कर मार डाला, 4 गिरफ्तार

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई के बोरीवली पूर्व में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के पास गुस्साई भीड़ ने 26 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट–पीटकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यहां शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना गुरुवार देर रात की है। मृतक प्रवीण लहाणे (26) असिस्टेंट पुलिस इंपेक्टर प्रकाश लहाणे का भाई था। कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जबकि चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।सुबह करीब 4 बजे केएम पुलिस स्टेशन को एक कथित लिंचिंग की घटना के बाद हाईवे से सटे कार्टर रोड नंबर 5 पर गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ एक व्यक्ति के बारे में फोन आया।

## विशेष पूजा, हवन के साथ होगी शुरुआत, ऐसा होगा संसद के नए भवन का उद्घाटन कार्यक्रम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई, रविवार को संसद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा और हवन के साथ होगी और इसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समापन भाषण के साथ होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, संसद के नए भवन के उद्घाटन का कार्यक्रम रविवार को सुबह 7.30 बजे के लगभग शुरू होने की संभावना है। वैदिक रीति से विशेष पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। यह विशेष पूजा लगभग डेढ़ घंटे तक चलने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इस विशेष पूजा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश के भी मौजूद रहने की संभावना है।पूजा और मंत्रोच्चार के दौरान तमिलनाडु के विभिन्न मठों से आए 20 स्वामी और विशेष पुजारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पवित्र सेंगोल सौंपेंगे, जिसे 9 बजे के लगभग लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया जाएगा।इसके बाद उद्घाटन के मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किए गए विशिष्ट अतिथि और सांसद नए संसद भवन के अंदर बने लोकसभा के कक्ष में पहुंचेंगे।

## पिता–बेटे की जोड़ी ने किया कमाल, एक साथ पास की 10वीं की परीक्षा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** गुजरात बोर्ड ने 10वीं के नतीजों का ऐलान किया इसमें सिसोदिया परिवार के पिता–बेटे की जोड़ी ने 10वीं परीक्षा एक साथ पास की। भले ही ये सुनने में बहुत हैरानी भरा लगे, मगर दोनों ने एक साथ परीक्षा पास करने का ये कारनामा किया है।

जानकारी के अनुसार वीरभद्र सिंह सिसोदिया (42) और उनके बेटे युवराज (16) ने एक साथ गुजरात बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में हिस्सा लिया। गुरुवार को जब रिजल्ट जारी हुए तो वीरभद्र को जहां 45 फीसदी नंबर मिले, तो वहीं युवराज ने 79 फीसदी नंबर हासिल किए। युवराज ने रेगुलर स्टूडेंट के तौर पर एग्जाम दिया, जबकि उनके पिता ने प्राइवेट उम्मीदवार के तौर पर एग्जाम में हिस्सा लिया था। गुजरात बोर्ड ने 10वीं क्लास की परीक्षाएं मार्च में करवाई थीं, जिसका रिजल्ट आज जारी हुआ है।वहीं, युवराज से जब पूछा गया कि उनका अपने पिता के साथ एग्जाम देने का अनुभव कैसा रहा, तो उसने बताया कि हम दोनों ही लोगों ने एक साथ एग्जाम की तैयारी की थी। मैंने अपने पिता की एक दोस्त की तरह मदद की। दूसरी ओर, वीरभद्र ने कहा, 'एग्जाम देने के लिए मेरा बेटा मेरी प्रेरणा था। मैंने लगभग 25 साल बाद कोई एग्जाम दिया है।

उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था या इसकी योजना बनाई थी कि मैं इतने सालों बाद दोबारा से एग्जाम दूंगा, लेकिन जब मेरा बेटा 10वीं क्लास में पहुंचा, तो मैंने सोचा की मैं भी कर सकता हूं। फिर मुझे स्कूल से मदद मिली और मैंने एग्जाम फॉर्म फिल किया। वीरभद्र ने आखिरी बार 10वीं की परीक्षा 1998 में दी थी।

## कर्नाटक के रायचूर में दूषित पानी पीने से 30 लोग बीमार

**रायचूर , एजेंसी।** कर्नाटक के रायचूर जिले के रेकलामराडी गांव में दूषित पानी पीने से महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 30 लोग बीमार पड़ गए। अधिकारियों के अनुसार, प्रभावित लोगों को रायचूर आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) और अरकेरा और देवदुर्गा के अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोग ग्राम पंचायत के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गांव में डेरा डाले हुए हैं।

पुलिस ने भी गांव का दौरा किया, और अधिकारियों ने पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पीने के पानी में गंदा पानी मिला हुआ था। अधिकारी सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं।

## ये पक्ष–विपक्ष की बात नहीं, बल्कि देश की बात है शरद पवार से मिले अरविंद केजरीवाल

**मुंबई , एजेंसी।** दिल्ली सरकार में अफसरों के ट्रांसफर–पोस्टिंग के अधिकारों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार अध्यादेश लेकर आई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस अध्यादेश के विरोध में विपक्षी दलों का समर्थन जुटाने के लिए विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने आज मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये देश के लिए बहुत खतरनाक स्थिति है, ये पक्ष विपक्ष की बात नही, बल्कि देश की बात है। मुंबई में अरविंद केजरीवाल के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी भी



मौजूद रहे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो लड़ाई 8 साल में हमने जीती उसे केंद्र सरकार ने 8 दिन में अध्यादेश लाकर निरस्त कर दिया। एनसीपी ने कहा है कि राज्यसभा में इस अध्यादेश को पास न होने देने के लिए हमारा सहयोग करेंगे। अभी देश को चाहने वाले लोगों को मैं इक्ट्ठा कर रहा हूं। शरद पवार देश के सबसे बड़े नेताओं में से एक है। मेरी पवार साहब से विनती है कि खुद तो समर्थन कर रहे हैं, देश की दूसरी पार्टियों से भी समर्थन जुटाने में हमारा सहयोग करें।

वहीं, शरद पवार ने कहा कि ये बहुत महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस है, क्योंकि देश में जो समस्या पैदा हुई, इसके पहले उस पर चर्चा हुई। देश में लोकतंत्र के सिस्टम पर हमला हो रहा है। ये समय सिर्फ बहस करने का नहीं है, ये समय प्रजातंत्र को बचाने का है। मेरी पार्टी की तरफ से हमने अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने का फैसला किया है। राजनीति में मुझे 56 साल हो गए। ये सवाल दिल्ली का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। अन्य राज्यों में जहां भी जरूरत होगी, वहां हम जायेंगे और हम उनका साथ देंगे।मुलाकात के बाद शरद पवार ने कहा कि देश में संकट है और यह दिल्ली तक सीमित मुद्दा नहीं है। एनसीपी और महाराष्ट्र की जनता केजरीवाल का समर्थन करेगी। हम केजरीवाल का समर्थन करने के लिए अन्य नेताओं से भी बात करेंगे। हमें सभी गैर–बीजेपी पार्टियों को एक साथ लाने पर ध्यान देना चाहिए।

यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि सभी गैर–बीजेपी दल अरविंद केजरीवाल का समर्थन करें।

# फैंस ने फिर गौतम गंभीर को चिढ़ाया, मुंबई–लखनऊ एलिमिनेटर मैच में लगाए कोहली–कोहली के नारे





नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का एलिमिनेटर मुकाबला 24 मई को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला गया. चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में मुंबई ने लखनऊ को 81 रन से शिकस्त दी. इस हार के बाद आईपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स का सफर समाप्त हो गया. लखनऊ की टीम लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही. मुंबई के खिलाफ मैच में क्रिकेट फैंस ने लखनऊ के मेंटोर गौतम गंभीर को एक बार फिर चिढ़ाया. इस दौरान फैंस ने कोहली–कोहली के नारे लगाए. सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है.

फैंस ने लगाए कोहली–कोहली के नारे

एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के बाद क्रिकेट फैंस ने एक बार फिर लखनऊ के मेंटोर गौतम गंभीर को चिढ़ाया. इस मुकाबले के बाद गौतम गंभीर मुंबई के इंडियंस के मेंटोर सचिन तेंदुलकर से बात कर रहे थे. इस दौरान कुछ फैंस ने गंभीर को चिढ़ाने के लिए कोहली–कोहली के नारे लगाए. दरअसल 1 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेले गए मैच के दौरान विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच तीखी बहस हो गई थी. इस बहस का हिस्सा नवीन उल हक भी थे. बाद में इन तीनों खिलाड़ियों पर कार्रवाई करते हुए बीसीसीआई ने मैच फीस में कटौती की. आरसीबी ने लखनऊ के खिलाफ यह कम स्कोर वाला मुकाबला 18 रन से जीता था.

फाइनल में पहुंचने में नाकाम

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम लगातार दूसरी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही. आईपीएल 2023 में लखनऊ ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई. गौतम गंभीर के मेंटोर वाली टीम लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार दूसरी बार आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंची. लेकिन उसका सफर यहीं पर थम गया.

इससे पहले आईपीएल 2022 में भी वह प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही थी. इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स का इतिहास बहुत पुराना नहीं है. इस टीम ने बीते साल आईपीएल में दस्तक दी और अंतिम चार तक पहुंची. वहीं दूसरे साल भी टीम ने निरंतरता दिखाई और प्लेऑफ के लिए चलिफाई किया. लेकिन इसे लखनऊ का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा की वह फाइनल के लिए चलिफाई नहीं कर सका.

# आस्ट्रेलिया के लिये परेशानी का सबब बन सकते हैं कोहली : पोंटिंग





नई दिल्ली ,। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सर्वश्रेष्ठ फार्म हासिल कर चुके विराट कोहली अगले महीने खेले जाने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी)–2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिये परेशानी का सबब बन सकते हैं।

पोंटिंग ने आईसीसी के एक कार्यक्रम में कहा विराट कोहली को लगता है कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ गए हैं, इसलिये अगले महीने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उनका विकेट आस्ट्रेलिया के लिये बेशकीमती साबित हो सकता है।

पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2023 के दिल्ली कैपिटल्स के अंतिम मैच के बाद स्वदेश लौट जायेंगे। उन्होंने कहा कि वह डब्लूटीसी 23 फाइनल में एक कमेंटेटर के रूप में अपनी सेवा देने के लिये लंदन जायेंगे।

कोहली ने गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना छठा आईपीएल शतक बनाया और पोंटिंग का मानना है कि यह ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी का सबब है। पोंटिंग ने कहा, करीब एक महीने पहले विराट से मेरी मुलाकात हुई थी, जब हमने उन्हें बैंगलोर में खेला था। मैंने उनसे उनकी बल्लेबाजी और करियर के बारे में अच्छी बातचीत की। उसने मुझसे कहा कि वह वास्तव में ऐसा महसूस करता है कि वह लगभग अपने पूर्ण सर्वश्रेष्ठ में वापस आ गया है।

पोंटिंग ने कहा, आपने शायद कल रात देखा, आप जानते हैं, उसका आईपीएल बहुत अच्छा रहा है और मुझे यकीन है कि वह प्राइज विकेट होगा, जिसका सभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इंतजार कर रहे हैं।

द अल्टीमेट टेस्ट के लिए भारत को कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खलेगी। ऋषभ पंत लंबे समय से अनुपस्थित हैं, केएल राहुल आईपीएल में चोटिल होने के बाद फाइनल से बाहर हो गए और जसप्रीत बुमराह पीठ की समस्या से उबर रहे हैं। पोंटिंग ने कहा कि फाइनल भारत के शीर्ष क्रम और ऑस्ट्रेलिया के तेज आक्रमण के बीच प्रतियोगिता के इर्द–गिर्द घूमेगा। उन्होने कहा मुझे लगता है कि यह ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी के खिलाफ भारत का शीर्ष क्रम होगा, यह थोड़ा मुंह में पानी लाने वाला विचार है। आम तौर पर, हम भारत के स्पिनरों और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के बीच लड़ाई के बारे में सोचते हैं। लेकिन क्या ओवल में विकेट से यह नकारा जाएगा। आम तौर पर मैंने ओवल पर जो मैच खेले हैं, वे वास्तव में अच्छे बल्लेबाजी विकेट के रूप में शुरू हुए हैं।

पोंटिंग ने कहा, मैं इस विकेट में यही देखना चाहता हूं कि चौथे दिन, पांचवें दिन या शायद छठे दिन भी वास्तव में अच्छी प्रतियोगिता हो, यह देखते हुए कि यह कैसा चल रहा है।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल सात जून से द ओवल में खेला जाएगा।

# शुभमन गिल का तूफानी शतक से तितर–बितर हुई आईपीएल की रिकॉर्ड बुक



नई दिल्ली,7 चौके, 10 गगनचुंबी छक्के, 60 गेंदों में 129 रन और 215 का स्ट्राइक। यह आंकड़े शुभमन गिल द्वारा बल्ले से मचाई गई तबाही के हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गिल ने बल्ला थामकर ऐसा धमाल मचाया कि जिसने भी गुजरात के सलामी बैटर की तूफानी बैटिंग को देखा वो उनका मुरीद हो गया है। अपनी इस विस्फोटक इनिंग के बूते गिल ने आईपीएल की रिकॉर्ड बुक को भी तितर–बितर कर डाला है।

गिल का तूफानी शतक

शुभमन गिल शुरुआत से ही बेहतरीन फॉर्म में नजर आए और उन्होंने मुंबई के गेंदबाजों की धुनाई की। गिल ने अपनी इस तूफानी पारी के दौरान चौके से ज्यादा छक्के जमाए और अहमदाबाद में फैन्स का जमकर मनोरंजन किया। गुजरात के ओपनिंग बैटर ने महज 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, फिफ्टी पूरी होने के बाद गिल ने अपना विकराल रूप धारण किया और अगले 50 रन सिर्फ 17 गेंदों पर बना डाले। गिल ने 60 गेंदों का सामना करते हुए 129 रन की यादगार पारी खेली।

सबसे कम उम्र में ठोका शतक

शुभमन गिल ने आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास में सबसे कम उम्र में सेंचुरी जमाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। गिल ने 23 साल और 260 दिन की उम्र में शतक जमाया है। एक सीजन में तीन सेंचुरी जमाने वाले शुभमन गिल महज तीसरे बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले यह कारनामा सिर्फ विराट कोहली और जोस बटलर ही कर सके हैं।

# कोहली की शानदार फॉर्म देख सुनील गावस्कर ने ठोंका बड़ा दावा





नई दिल्ली । आरसीबी के विराट कोहली आईपीएल 2023 में बेहद ही शानदार फॉर्म में दिखाई दिए. हालांकि उनकी टीम प्लेऑफ तक नहीं पहुंच पाई. इस सीजन् कोहली के बल्ले से लगातार दो शतक देखने को मिले. 2016 के बाद, आईपीएल 2023 किंग कोहली के लिए सर्वश्रेष्ठ सीजन् रहा. कोहली की इस फॉर्म को देख पूर्व भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने बड़ा दावा ठोंक दिया. गावस्कर ने उन्हें अगली टी20 सीरीज़ का दावेदार बताया है.

सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की आईपीएल 2023 की फॉर्म को देखते हुए कहा कि वो उनकी इंडियन टीम में अगली टी20 सीरीज़ का हिस्सा होंगे. दिग्गज गावस्कर ने 'स्पोर्ट्स तक' पर विराट कोहली के बारे में बात की. उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज़ के खिलाफ खेली जाने वाली अगली टी20 सीरीज़ में विराट कोहली मेरी इंडियन टीम में होंगे. उन्होंने इस आईपीएल में शानदार बल्लेबाज़ी की है.

बीते कुछ दिनों पहले मीडियो रिपोर्ट्स में कहा गया था कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 को ध्यान में रखते हुए विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत कई सीनियर्स प्लेयर्स को भारतीय टी20 टीम से दूर रखा जाएगा. इसके अलावा ऐसा भी कहा गया था कि विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत कई सीनियर खिलाड़ियों की टी20 इंटरनेशनल से छुट्टी हो गई. टीम में सिर्फ यंग खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा. इस साल श्रीलंका और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज़ में विराट और रोहित शर्मा नहीं दिखाई दिए थे. हार्दिक पांड्या ने टीम कमान संभाली थी.

आईपीएल 2023 में विराट कोहली ने किया ताबड़तोड़ प्रदर्शन

आईपीएल 2023 में विराट कोहली पहले ही मैच से शानदार फॉर्म में दिखाई दिए थे. मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पहले मैच में कोहली ने 82* रनों की शानदार पारी खेली थी. वहीं उनके पूरे सीजन् की बात करें तो कोहली ने 14 मैचों में बल्लेबाज़ी करते हुए 53.25 की औसत और 139.82 के स्ट्राइक रेट से 639 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले 2 शतक के अलावा 6 अर्धशतक भी निकले हैं. मौजूदा वक्त में कोहली टूर्नामेंट के हाई स्कोरर की लिस्ट में तीसरे नंबर हैं

## फिल्मी सफर

# कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी स्टारर सत्यप्रेम की कथा के मेकर्स ने जारी किया रोमांटिक पोस्टर




कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी स्टारर अपकमिंग फिल्म सत्यप्रेम की कथा का टीजर रिलीज हुए अभी एक दिन हुआ है, जिसमें दर्शकों को पूरी तरह से एक प्योर रोमांटिक लव स्टोरी की झलक दी है। फिल्म के टीजर में कार्तिक–कियारा की शानदार केमेस्ट्री ने भी लोगों को अपना दीवाना बना दिया। ऐसे में अब मेकर्स ने इस अपकमिंग म्यूजिकल रोमांस का एक नया पोस्टर जारी किया है जिसपर कार्तिक–कियारा की ब्लॉकबस्टर जोड़ी नजर आ रही हैं। मेकर्स ने ये पोस्टर खास आज के दिन इसलिए रिलीज किया है क्योंकि आज भूल भुलैया 2 को एक साल पूरे हो चुके है।

जी हां, दर्शकों को ये पोस्टर लॉन्च उसी दिन देखने को मिला जब 2022 में भूल भुलैया 2 रिलीज हुई थी और जिसमें पहली बार कियारा–कार्तिक की हिट जोड़ी बड़े पर्दे पर दिखी थीं। यह वास्तव में लोगों को आकर्षित करने के लिए एक खास पल है क्योंकि यह 20 मई 2022 था, जब भूल भुलैया 2 रिलीज हुई थी और इस साल 20 मई 2023 को सत्यप्रेम की कथा का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर प्यार में पडने् के लिए बिल्कुल लायक लग रहा है। जादुई जोड़ी कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के इस पोस्टर ने फिर से प्यार और रोमांटिक वाइब्स की यादें ताजा कर दी है।

सत्यप्रेम की कथा एनजीई और नमः पिक्चर्स के बीच बड़े पैमाने पर सहयोग का प्रतीक है। दिलचस्प बात यह है कि साजिद नाडियाडवाला और शरीन मंत्री केडिया ने किशोर अरोड़ा और निर्देशक समीर विद्वांस के साथ अपनी अपनी फीचर फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता हैं। सत्यप्रेम की कथा 29 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# विजय 69 की शूटिंग के दौरान अनुपम खेर के कंधे में लगी चोट



दिग्गज बॉलीवुड स्टार अनुपम खेर को अपनी अपकमिंग फिल्म विजय 69 की शूटिंग के दौरान कंधे में चोट लग गई। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर स्लिंग में अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, आप स्पोर्ट्स फिल्म करो और आप घायल ना हो!! ऐसा कैसे हो सकता है? कल विजय 69 की शूटिंग के दौरान कंधे में अच्छी खासी चोट लगी। दर्द तो है पर जब कंधे पर स्लिंग लगाने वाले भैया ने बताया कि उन्हें ही शाहरुख खान और रितिक रोशन के कंधों को इस स्लिंग से सजाया था तो पता नहीं क्यों दर्द का अहसास थोड़ा कम हो गया। उन्होंने कहा, पर वैसे अगर थोड़ा जोर से खांसू तो मुंह से हल्की सी चीख जरूर निकलती है! फोटो में मुस्कुराहट के कोशिश असली है! एक दो दिनों बाद शूटिंग जारी रहेगी। वैसे मां ने सुना तो बोली, और दिखा अपनी बॉडी दुनिया को!! तुझे नजर लग गई! मैने जवाब दिया, मां! गिरते है शहसवार ही मैदान ए जंग में। वो तिफल क्या गिरेगा जो घुटनो के बल चले! मां झापड़ मारते मारते रुक गई। फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के जीवन की कहानी बताती है, जो 69 वर्ष उम्र में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लेता है।

# वर्ष की 2री सर्वाधिक कमाई वाली फिल्म, 200 करोड़ के नजदीक पहुँची



द केरल स्टोरी प्रगति पर है। फिल्म ने अपने दूसरे सप्ताहांत में भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी गति बनाए रखी। अदा शर्मा और योगिता बिहानी की प्रमुख भूमिकाओं वाली यह फिल्म धार्मिक रूपांतरण के गंभीर विषय और तीन महिलाओं के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया है।

शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, फिल्म 200 करोड़ रुपये तक पहुंचने के करीब पहुंच रही है।

फिल्म आने वाले हफ्ते में आंकड़ा पार कर सकती है। शनिवार को, द केरला स्टोरी ने अपने सोलहवें दिन सभी भाषाओं में 9 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ, फिल्म की कुल कमाई अब 180 करोड़ रुपये (लगभग) हो गई है। इसने शुक्रवार के कलेक्शन से भी बेहतर कमाई की है।

केरल स्टोरी का निर्माण विपुल शाह ने किया है और इसे दर्शकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली थी। कई लोगों ने इसे प्रोपेगेंडा फिल्म बताया।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विपुल शाह ने कहा, फिल्म का सफर शानदार रहा है लेकिन अभी लंबा सफर बाकी है। हम पर भी कई तरह के आरोप लगे। उन्होंने हमें प्रोपेगैंडा फिल्म कहा और क्या नहीं। लेकिन दर्शकों ने उस सबका जवाब दिया है।

# सिर्फ एक ब्रेकफास्ट मिटिंग में परिणीति ने कर लिया था राघव चड्ढा से शादी करने का फैसला



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने उस समय के बारे में बात की, जब उन्हें आप नेता राघव चड्ढा के साथ ब्रेकफास्ट करने के बाद ही समझ आ गया था कि यह वही इंसान हैं, जिनका उन्हें इंतजार था। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर अपनी सगाई की कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा जोनस और परिवार के अन्य सदस्य भी हैं। परिणीति ने पोस्ट को कैप्शन दियाः जब आपको पता लगता है, आप जानते हैं। एक बार साथ ब्रेकफास्टा करने के बाद मुझे पता चल गया था. यही वह इंसान हैं। बेहतरीन इंसान जिनकी शांत अद्भुत, शांतिमय और प्रेरक अनुभूति होगी। उनके समर्थन, हास्य अंदाज, बुद्धिमता, दोस्ती में बेहद आनंद है। वह मेरी मंजिल हैं। हमारी सगाई की पार्टी एक सपने को जीने की तरह थी, प्यार, हंसी, भावनाओं और डांस के बीच खूबसूरती भरा एक सपना! परिणीति और राघव ने 13 मई को नई दिल्ली में कपूरथला हाउस में सगाई की थी। एक्टिंग की बात करें तो, परिणीति इम्तियाज अली निर्देशित चमकीला में दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकिला से प्रेरित है।

# दृश्यम् का बनेगा दक्षिण कोरियाई रीमेक



अजय देवगन और तब्बू–स्टारर ध्श्यम फ्रेंचाइजी देश की सीमाओं को पार करने जा रही है। दक्षिण कोरियाई दर्शकों के लिए इसका आधिकारिक रीमेक बनाया जाएगा जिसमें फिल्म में वहां के हिसाब से बदलाव किए जाएंगे। दृश्यम् एक भारतीय फ्रेंचाइजी है जिसने हर भारतीय भाषा में सफलता हासिल की है, चाहे वह मलयालम, तमिल, कन्नड़, तेलुगु या हिंदी हो। कान फिल्म फेस्टिवल के इंडिया पवेलियन में रविवार को यह घोषणा हुई। भारतीय प्रोडक्शन कंपनी पैनोरमा स्टूडियोज और वार्नर ब्रदर्स के पूर्व स्थानीय कोरियन प्रमुख जे चोई द्वारा स्थापित एंथोलॉजी स्टूडियोज, पैरासाइट अभिनेता सोंग कांग–हो और प्रशंसित निर्देशक किम जी–वून ने कोरियाई रीमेक के लिए भागीदारी की है। दिवंगत निशिकांत कामत द्वारा निर्देशित दृश्यम् का पहला भाग विजय सलगांवकर के इर्द–गिर्द घूमता है, जिसकी साधारण दुनिया एक आकस्मिक मृत्यु के बाद बिखर जाती है, जिसमें उनके परिवार और उन्हें कानून से बचाने के लिए उनके हताश उपाय शामिल हैं। अजय देवगन, तब्बू और कमलेश सावंत के सराहनीय प्रदर्शन के साथ फिल्म काफी सफल हुई थी। निमार्ता कुमार मंगत पाठक ने कहा, मैं उत्साहित हूं कि दृश्यम् फ्रेंचाइजी कोरियन में बनाई जा रही है। पहली बार कोई हिंदी फिल्म कोरियन में बनने जा रही है। इससे न केवल भारत के बाहर इसकी पहुंच बढ़ेगी बल्कि हिंदी सिनेमा को वैश्विक मानचित्र पर भी जगह मिलेगी। पिछले कई वर्षों में, हम कोरियाई शैली से प्रेरित हुए हैं, अब उन्होंने हमारी एक फिल्म में प्रेरणा ढूंढ ली है। भारतीय फिल्म बिरादरी के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है। जे चोई भी इस सहयोग को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, हम कोरियाई सिनेमा की मौलिकता को बरकरार रखते हुए एक व्यापक रूप से सफल हिंदी फिल्म का रीमेक बनाने का अवसर पाकर रोमांचित हैं। कोरिया और भारत के बीच पहले प्रमुख सह–निर्माण के रूप में इस रीमेक का अधिक महत्व है। हमारी साझेदारी के माध्यम से हम भारतीय और कोरियाई दोनों सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ को पर्दे पर उतारने और एक सार्थक रीमेक बनाने में सक्षम होंगे जो मूल फिल्म की तरह ही उत्कृष्ट है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com